


RNINo.UPHIN/2016/70293

हिन्दी दैनिक समाचार–पत्र

# अमिट रेखा

वर्ष 05 | अंक 245 | कुशीनगर | मंगलवार 06 जुलाई, 2021 | पृष्ठ 8 | मूल्य 1 रूपये




### ऐसी भीड़ दे सकती है कोरोना को न्योताः गोरखपुर में सीएम योगी बोले...

# यूपी में कोरोना समाप्त की ओर





गोरखपुर,(एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखपुर के दो दिन के दौरे पर हैं। सोमवार को आखिरी दिन उन्होंने तरकुलानी रेगुलेटर का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और राज्य के जलशक्ति मंत्री डॉ. महेंद्र सिंह भी थे। इसके लिए भव्य मंच सजाया गया। 5–6 हजार की भीड़ बटोरी गई। सीएम योगी ने कहा, पिछले लगभग डेढ़ साल से देश व दुनिया कोरोना महामारी से लड़ रही है। हमने जीवन व जीविका बचाने के लिए जो अभियान चलाया उससे कोरोना प्रदेश में लगभग समाप्ति की ओर है। इस दौरान मंच पर मौजूद नेता मास्क में थे लेकिन भीड़ ने कोविड–19 प्रोटोकॉल का जमकर उल्लंघन किया। कोरोना की दूसरी लहर में सीएम योगी आदित्यनाथ खुद भी संक्रमित हुए थे। सीएम खुद भी लोगों को कोरोना की तीसरी लहर की संभावनाओं को लेकर सचेत करते रहते हैं। लेकिन उनके ही कार्यक्रम में अधिकांश लोग बिना मास्क के दिखे। सोशल डिस्टेंसिंग की बजाय एक जगह भीड़ दिखी। ऐसे में इस बात की संभावना से कतई इंकार नहीं किया जा सकता कि आने वाले दिनों में यह लापरवाही भारी पड़ सकती है। तरकुलानी प्रोजेक्ट से 32 हजार की आबादी को बाढ़ से मिलेगी निजात सीएम योगी ने कहा, तरकुलानी रेग्युलेटर के आज के लोकार्पण कार्यक्रम में बाढ़ से जुड़ी 145 करोड़ से अधिक की 10 परियोजनाओं का लोकार्पण हुआ है। 2009 में जब यहां आया था तो लोग कहते थे कि तरकुलानी रेग्युलेटर बन जाय तो मैं सोचता था कि इसका फायदा क्या है? जब बाढ़ में खोराबार का ये क्षेत्र बाढ़ में डूब जाता था। आज जब हम लोग यहां पर तरकुलानी रेग्युलेटर का शुभारम्भ हो रहा है, तो 32 हजार की आबादी को बाढ़ से बचाएगा। योगी ने कहा, केंद्र और प्रदेश में डबल इंजन की सरकार होती है तो कार्य समय पर पूरा होता है। पिछला डेढ़ साल पूरी दुनिया के लिए बहुत खराब रहा। जाने कितने लोग इस बीमारी की चपेट में आ गए। लेकिन, गोरखपुर में कोरोना के समय एक–एक व्यक्ति की चिंता के साथ विकास के काम भी करते रहना है। यानी जीवन और जीविका दोनों को बचाना है। दुनिया के अंदर 135 करोड़ का भारत देश और अमेरिका में 33 करोड़ की आबादी में भी भारत से दोगुनी मौतें हो गई। सीएम योगी ने कहा, अमेरिका में भारत से अच्छा इंफ्रास्ट्रक्चर है। लेकिन फिर भी मोदी जी के नेतृत्व में हमें जीवन और जीविका को भी बचाया है। केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत राजस्थान से आते हैं। उन्होंने यहां बाढ़ की विभीषिका देखी। मैंने उनसे कहा कि ये पानी आप अपने यहां ले जाएंगे तो उन्हें पानी मिल जाएगा और यहां के लोगों को बाढ़ से निजात मिलेगी। साथ ही 2838 हेक्टेअर कृषि भूमि को फायदा मिलेगा। वो दिन भी आएगा जब हर घर नल योजना घर–घर पेयजल उपलब्ध कराना है। बुंदेलखंड में भी काम शुरू हो गया है। मस्तिष्क ज्वर का कारण यही था। एक गंदगी और दूसरा शुद्ध पेयजल न होना। मंदिर में दर्शन–पूजन के फरियाद सुनी सीएम योगी आदित्यनाथ रविवार को गोरखपुर पहुंचे थे। सोमवार की सुबह उन्होंने गोरखनाथ मंदिर में दर्शन–पूजन किया। सबसे पहले गुरु गोरखनाथ की पूजा की फिर महंत दिग्विजय नाथ और महंत अवेद्यनाथ की प्रतिमा के समक्ष शीश नवाया।

## मंदिर में दर्शन–पूजन के फरियाद सुनी

सीएम योगी आदित्यनाथ रविवार को गोरखपुर पहुंचे थे। सोमवार की सुबह उन्होंने गोरखनाथ मंदिर में दर्शन–पूजन किया। सबसे पहले गुरु गोरखनाथ की पूजा की फिर महंत दिग्विजय नाथ और महंत अवेद्यनाथ की प्रतिमा के समक्ष शीश नवाया। मुख्यमंत्री योगी गोशाला गए और गायों को गुड़ व चना खिलाया। इस दौरान उन्होंने गोरखनाथ मंदिर परिसर का निरीक्षण भी किया। इसके बाद सीएम योगी ने हिंदू सेवाश्रम में जनता दरबार लगाया। जनता दरबार में करीब 150 फरियादी आए थे। मुख्यमंत्री योगी एक–एक कर फरियादियों के पास गए। सबकी समस्याएं सुनीं और सकारात्मक कार्रवाई का भरोसा दिलाया।




**उत्तर प्रदेश के जौनपुर सहित अन्य जिलों में जिला पंचायत अध्यक्ष पद पर मिली करारी हार को सपाई भितरघाट का भी परिणाम मान रहे हैं। इसे लेकर कार्यकर्ताओं में खासा आक्रोश देखने को मिल रहा है। उधर, प्रदेश अध्यक्ष ने जौनपुर में मिली करारी हार को लेकर फोन पर जिलाध्यक्ष से जानकारी ली है। साथ ही पूरी स्थिति की समीक्षा कर विस्तृत रिपोर्ट देने को कहा है।**

### पीएम ने दोस्त रामविलास को दी श्रद्धांजलि, कहा...

# आज उनकी कमी बहुत खल रही है

नयी दिल्ली,(एजेंसी)। दलित नेता एवं लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा) के संस्थापक राम विलास पासवान को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि जनसेवा और वंचितों, दलितों को सशक्त बनाने में उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। मोदी के नेतृत्व वाली सरकार में मंत्री रहे पासवान का पिछले साल अक्टूबर में निधन हो गया था। वह सबसे अनुभवी सांसदों में से एक थे और उन्होंने समाजवादी समूहों से लेकर कांग्रेस और भाजपा समेत विभिन्न दलों की सरकारों में मंत्री के रूप में सेवा दी। मोदी ने ट्वीट किया, ''आज मेरे मित्र दिवंगत



राम विलास पासवान जी की जन्म जयंती है। आज उनकी कमी बहुत खल रही है। वह भारत के सबसे अधिक अनुभवी सांसदों और प्रशासकों में से एक थे। जनसेवा और वंचितों के सशक्तीकरण में उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा।'' उल्लेखनीय है कि पासवान के निधन के बाद से उनकी पार्टी के भीतर गुटबाजी शुरू हो गई है। उनके बेटे चिराग पासवान और भाई पशुपति कुमार पारस दोनों ही पासवान की राजनीतिक विरासत पर दावा जता रहे है। चिराग अपने पिता की पारंपरिक लोकसभा सीट हाजीपुर से यात्रा शुरू करने वाले हैं, ताकि अपने पक्ष में पार्टी समर्थकों को जुटा सकें।

# बर्दवान रेलवे स्टेशन में ट्रेन के नीचे मिला जिंदा बम, यात्रियों में अफरातफरी

कोलकाता,(एजेंसी)। पश्चिम बंगाल के पूर्व बर्दवान के स्थली रेलवे स्टेशन पर खड़ी एक ट्रेन के नीचे बम जैसी कोई चीज देखे जाने से अफरातफरी मची। बाद में बम निरोधक दस्ते की जांच में वो जिंदा बम निकला, जिसे निष्क्रिय कर दिया गया। बीती शाम को पश्चिम बंगाल के पूर्व बर्दवान जिले के पूर्व स्थली रेलवे स्टेशन के चार नंबर प्लेटफार्म के पास ट्रेन के नीचे बम मिलने से पूरे स्टेशन परिसर पर अफरातफरी का माहौल देखने को मिला। बीती शाम रेलवे स्टेशन पर खड़ी एक ट्रेन के नीचे बम जैसी कोई वस्तु देखी गई। वस्तु देखने में संदिग्ध लगने पर इसकी सूचना आरपीएफ को दी गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे आरपीएफ अधिकारियों ने वहां रेलवे ट्रैक की घेराबंदी कर ट्रेन को वहां से हटाया। बाद में बम निरोधक दस्ते को इसकी जानकारी देकर बुलाया गया। घटना की सूचना मिलने के बाद बम निरोधक दस्ता वहां पहुंचा और बम को बरामद कर लिया है। बाद में उसे निष्क्रिय कर दिया गया। समय रहते बम की सूचना मिलने के बाद एक बड़ा हादसा होते–होते टल गया। जीआरपी और आरपीएफ अधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं। इस पूरी घटना को लेकर रेलवे स्टेशन पर अफरातफरी का माहौल रहा।

# संघ प्रमुख पर मायावती का हमला

लखनऊ,(एजेंसी)। BSP प्रमुख मायावती ने संघ प्रमुख मोहन भागवत पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि मोहन भागवत का धर्म को लेकर दिया गया बयान मुंह में राम और बगल में छुरी जैसा है। इनके बयान पर कोई भी विश्वास नहीं करेगा। मायावती ने धर्मांतरण के मुद्दे पर भी खुलकर अपना पक्ष रखा। कहा कि जबरन और लालच देकर धर्मांतरण कराना गलत है। ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। मायावती ने कहा, 'ै प्रमुख का कल दिया गया बयान लोगों को अविश्वसनीय लगता है। जब तक ै और ठश्रच एंड कंपनी और इनकी सरकारों की संर्कीण सोच और कार्यशैली में सर्व समाज हितैषी सामाजिक परिवर्तन नहीं आएगा, तब तक




इनकी बातों पर मुस्लिम समाज द्वारा विश्वास करना मुश्किल लगता है।' धर्मांतरण पर क्या बोलीं? देश में लालच और डरा–धमकाकर धर्म परिवर्तन कराना ठीक नहीं है। ऐसे मामलों की सही जांच कराकर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। अगर इसके पीछे कोई भी देश विरोधी साजिश है तो ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। धर्मांतरण के मुद्दे को हिंदू–मुस्लिम करना ठीक नहीं मायावती ने कहा कि धर्मांतरण मामले की आड़ लेकर हिंदू–मुस्लिम का मुद्दा बनाना और पूरे मुस्लिम समाज को निशाने पर लेना ठीक नहीं है। ठैच इसका पुरजोर विरोध करेगी। मायावती ने केंद्र और राज्य सरकार पर भी निशाना साधा। कहा कि अगर धर्म परिवर्तन की आड़ में यह साजिश चल रही है, तो इतने लंबे समय से अपने देश की खुफिया एजेंसियां क्या कर रही थीं? मोहन भागवत ने क्या कहा था ? संघ प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को गाजियाबाद में एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि सभी भारतीयों का क्छ। एक है, भले ही वे किसी भी धर्म के क्यों न हों। उन्होंने कहा कि हिंदू–मुस्लिम एकता की बातें भी भ्रामक हैं, क्योंकि ये दोनों अलग नहीं, बल्कि एक हैं। लोगों के बीच पूजा पद्धति के आधार पर अंतर नहीं किया जा सकता है। उन्होंने मॉब लिंचिंग करने वालों के बारे में कहा कि ऐसे लोग हिंदुत्व के खिलाफ हैं।

# श्रीनगर में ड्रोन के इस्तेमाल, रखने और परिवहन पर लगी रोक

श्रीनगर,(एजेंसी)। जम्मू–कश्मीर के श्रीनगर जिले में अधिकारियों ने मानव रहित हवाई वाहनों के भंडारण, बिक्री, कब्जे, उपयोग और परिवहन पर प्रतिबंध लगा दिया। श्रीनगर के जिला मजिस्ट्रेट मोहम्मद एजाज द्वारा जारी एक आदेश में कहा गया है, महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों और अत्यधिक आबादी वाले क्षेत्रों के पास हवाई स्थान को सुरक्षित करने के लिए सभी सामाजिक और सांस्कृतिक समारोहों में ड्रोन के उपयोग को बंद करना अनिवार्य है ताकि जीवन और क्षति के किसी भी जोखिम को खत्म किया जा सके। यह आदेश सीआरपीसी की धारा 144 के तहत जारी किया गया है। आदेश में कहा गया है कि मीडिया और अन्य विश्वसनीय स्रोतों द्वारा रिपोर्ट की गई सुरक्षा के बुनियादी ढांचे के लिए खतरा पैदा करने वाले ड्रोन के दुरुपयोग की हालिया घटनाओं को देखते हुए विंद्रीकृत हवाई अंतरिक्ष पहुंच को विनियमित किया जाना है। आदेश कहा गया है, नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने वजन वर्गीकरण, विशिष्ट पहचान संख्या, ऊंचाईध्ऊंचाई प्रतिबंध, गति प्रतिबंध, प्रवर्तनध्पैनल कार्रवाई, आदि के संदर्भ में ड्रोन के उपयोग को विनियमित करने के लिए मसौदा दिशानिर्देशध्मानक संचालन प्रोटोकॉल प्रदान किए हैं। आदेश में कहा गया है कि कृषि, पर्यावरण संरक्षण और आपदा शमन क्षेत्र में मानचित्रण, सर्वेक्षण और निगरानी के लिए ड्रोन का उपयोग करने वाले सरकारी विभाग जनहित में ऐसी कोई भी गतिविधि करने से पहले स्थानीय पुलिस स्टेशन को सूचित करेंगे।

# नेता प्रतिपक्ष के पद से अधीर रंजन की हो सकती है छुट्टी ! राहुल का नाम सबसे आगे

नयी दिल्ली,(एजेंसी)। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में मिली करारी हार के बाद अब कांग्रेस में अब हलचलें तेज हो गईं हैं। कहा जा रहा है कि कांग्रेस अब तृणमूल कांग्रेस के साथ अपनी नजदीकियां बढ़ा सकती है। ऐसे में पार्टी लोकसभा से नेता प्रतिपक्ष अधीर रंजन चौधरी को पद से हटाकर इसकी शुरुआत कर सकती है। कांग्रेस पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस के साथ गठबंधन करना चाहती थी लेकिन अधीर रंजन चौधरी को यह मंजूर नहीं था। ऐसे में पार्टी ने अधीर के नेतृत्व में चुनाव लड़ा और जमानत





तक जब्त हो गई। प्राप्त जानकारी के मुताबिक कांग्रेस लोकसभा में मोदी सरकार को घेरने के लिए और ममता बनर्जी से रिश्ते सुधारने के लिए अधीर रंजन चौधरी की जगह किसी और की नियुक्ति कर सकती हैं। अंग्रेजी समाचार वेबसाइट शहिन्दुस्तान टाइम्सश के मुताबिक लोकसभा में विपक्ष के नेता के तौर पर पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी का नाम सबसे आगे है।

# ट्रेलर और बोलेरो में जबरदस्त भिड़ंत, 6 की मौत

जोधपुर,(एजेंसी)। राजस्थान के जोधपुर जिले के डांगियावास क्षेत्र में बोलेरो के ट्रेलर से टकरा जाने पर छह लोगों की मौत हो गई जबकि दो अन्य घायल हो गए। पुलिस के अनुसार बीती रात करीब साढ़े ग्यारह बजे ब्यावर के ये लोग अपने घर जा रहे थे कि 17 मील के पास सड़क पर चल रहे निर्माण के कारण एक तरफ का यातायात बंद था और बोलेरो जब एक वाहन को ओवर टेक करके आगे निकल रही थी कि वह सामने से आ रहे ट्रेलर से जा टकराई।




हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मृत्यु हो गई जबकि दो ने बाद में दम तोड़ दिया। हादसा इतना जोरदार था कि बोलेरो में बैठे लोग बुरी तरह फंस गए, जिन्हें बड़ी मशक्कत से बाहर निकाला गया। इस हादसे में बोलेरो के परखच्चे उड़ गए। बोलेरो में सवार सात युवक अंदर ही फंस गए।

# गोमती रिवर फ्रंट घोटाले में सीबीआई ने की बड़ी कार्रवाई

लखनऊ,(एजेंसी)। अखिलेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक गोमती रिवरफ्रंट घोटाले में सीबीआई ने यूपी, राजस्थान और पश्चिम बंगाल समेत 40 से ज्यादा जगहों पर एक साथ छापा मारा है। सीबीआई की 40 टीमों ने लखनऊ, गाजियाबाद और देहरादून सहित 17 जिलों व शहरों में तलाशी की है। इस घोटाले में सोमवार को सीबीआई ने परियोजना से जुड़े 190 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। इस मामले में कुल 189 लोगों को आरोपी बनाया गया है, जिसमें 173 प्राइवेट और 16 सरकारी अफसर शामिल हैं। यूपी में आज लखनऊ के साथ ही



नोएडा, गाजियाबाद, बुलंदशहर, रायबरेली, सीतापुर, इटावा और आगरा में सीबीआई की टीम ने छापेमारी की है। 3 चीफ इंजीनियरों के साथ ही 6 सहायक इंजीनियरों के घरों में भी सीबीआई ने रेड मारी है।

हिन्दी दैनिक
अमित रेखा
2
कुशीनगर मंगलवार, 06 जुलाई 2021

# जिलाधिकारी ने की गूगल मीट के माध्यम से नाबार्ड ,कृषि विभाग, कृषि अवसंरचना निधि के जनपद स्तरीय समिति की समीक्षा

अमितरेखा देवरिया ब्यूरो। कृषि गतिविधियों एवं कृषकों के आर्थिक उन्नयन हेतु संचालित



विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन पूरी प्राथमिकता के साथ किए जाए तथा किसान उत्पादन संगठनो के गठन कार्य को भी तेजी से पूर्ण किया जाए एवं अधिक से अधिक कृषकों को इससे जोडा जाए।

जिलाधिकारी आशुतोष निरंजन गूगल मीट के माध्यम से नाबार्ड, कृषि विभाग, कृषि अवसंरचना निधि के जनपद स्तरीय समिति की समीक्षा के दौरान उक्त निर्देश दिए। उन्होने कहा कि एफपीओ का गठन कर कृषकों का आर्थिक विकास किया जा सकता है तथा संसाधान विकसित कर कृषि को और नवीनतम तकनीकों से जोडा जा सकता है। किसानो के आर्थिक उत्थान के लिये इस संगठन की अत्यन्त ही महत्वपूर्ण भूमिका है, इसलिए अधिक से अधिक एफपीओ का गठन किया जाए। सभी ब्लाको में अनिवार्य रुप से इसका गठन सुनिश्चित हो। वर्तमान में जनपद में 10 एफपीओ गठित है, जो असंतोषजनक है। जिलाधिकारी ने इसे और बढाए जाने के लिये कृषि विभाग एवं नाबार्ड को निर्देश दिए। उन्होने यह भी कहा कि इस संगठन में अधिक से अधिक किसानो को जोडने के साथ ही इसमें महिलाओं को विशेष रुप से प्राथमिकता दिया जाए।

डीडीएम नावार्ड संचित सिंह ने बताया कि कृषि को बढावा देने के लिए भारत सरकार, राज्य सरकार एवं कृषि विपणन स्तर पर तीन समितियां कार्य करती हैं, इस पर जिलाधिकारी ने जनपद स्तर पर गठित इन तीनो समितियों का संयुक्त बैठक एक साथ कराए जाने को कहा। उन्होने कृषि प्रबंधन एवं विपणन को बढावा देने के साथ ही कृषि संसाधनो को और विकसित किए जाने की कार्ययोजना बनाये जाने का निर्देश दिया। उन्होने मशरुम की खेती को मिशन मोड में लिए जाने एवं कृषकों में जागरुकता प्रशिक्षण आयोजित किए जाने हेतु सीडीओ शिव शरणप्पा जी एन से कहा।

बैठक में उप कृषि निदेशक डा ए के मिश्र ने बताया कि जनपद में कृषक उत्पादक संगठनों को पांच लाख रू0 के ऋण पर चार फीसदी ब्याज की दर से अनुदान दिया जायेगा। उत्तर प्रदेश सरकार किसान की आय दोगुनी करने के वादे–दावे के साथ तमाम जतन कर रही है। अब इन्हें व्यावसायिक गतिविधियां बढ़ाने में आर्थिक मदद के लिए पांच लाख रू० का ऋण बैंकों से दिलाने का निर्णय किया गया है, जिस पर चार फीसदी ब्याज सरकार देगी। कृषक उत्पादक संगठनों को पांच लाख रू0 के कर्ज पर ब्याज अनुदान देने सम्बन्धी प्रक्रिया शासन ने निर्धारित कर दी है। इसका शासनादेश अपर मुख्य सचिव, कृषि डा० देवेश चतुर्वेदी की ओर से जारी कर दिया गया है। कृषि विभाग अपने बजट में इसका प्राविधान करेगा। एफ०पी०ओ० का कम्पनी अधिनियम 1956 या उत्तर प्रदेश राज्य सहकारी समिति अधिनियम 1965 के अधीन पंजीकृत होना अनिवार्य है। इनकी सदस्यों की संख्या कम से कम 150 या उससे अधिक होनी चाहिए एवं सभी सदस्यों का निर्धारित अंशदान जमा कराना होगा, जो न्यूनतम 01 लाख होगा। बैठक में सीडीओ शिव शरणप्पा जी एन, उप कृषि निदेशक डा ए के मिश्र, एफपीओ के प्रतिनिधि गण एवं अन्य संबंधित विभागो के अधिकारी एवं पूर्वान्चल पोट्री उत्पादन के वेद व्यास सिंह आदि जुडे रहे।

## पंखे में उतरे करंट की चपेट में आकर विवाहिता झुलसी चल रहा इलाज

अमित रेखा प्रताप गढ ब्यूरो।

कन्धई थाना क्षेत्र के गांव सरखेलपुर मे पंखे में उतरे करंट की चपेट में आकर विवाहिता झुलस गई पंखा हटाने के दौरान हुआ हादसा

थाना कंधई क्षेत्र के सरखेल पुर गांव निवासी करमईता पत्नी उदय राज बरामदे से हटाकर फर्राटा पंखा दूसरे कमरे में रखने जा रही थी इसी वक्त करंट की चपेट में आकर वह झुलस गए महिला के गिरने की आवाज सुनकर परिजन मौके पर पहुंच कर महिलाओं को करेंट से अलग करते हुए उसे सीएचसी बेलखरनाथ ले गए जहा उसका इलाज चल रहा है।

## पड़ोसी का मेड तोड कर मिला लिया अपने खेत में मना करने पर मारने के लिए दौडाया

अमित रेखा प्रताप गढ ब्यूरो। पट्टी कोतवाली क्षेत्र भुसहर गांव में गरीब चौकीदार के खेत का मेड तोड़कर पड़ोसियो ने अपने चक में मिला लिया मना करने पर उसे मारने के लिए दौड़ाया पट्टी कोतवाली क्षेत्र के गांव भुसहर निवासी संत सत्यनारायण मौर्य जो थाने में चौकीदार है गरीब व्यक्ति किसी तरह अपने बच्चों का पालन पोषण कर रहा है परंतु दबंग पड़ोसी रामजतन,श्याम लाल, मेवालाल,की निगाह इसकी जमीन पर बनी हुई है सोमवार की सुबह इसके खेत की मेड को तोड़कर अपने खेत में मिला लिया जब मना किया तो मारने के लिए दौड़ाया चौकीदार भाग कर अपनी जान बचाई कोतवाली पट्टी में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

## नहर में पानी की जगह उड रही धूल किसान धान की रोपाई के लिए हैं परेशान

अमित रेखा प्रताप गढ ब्यूरो। सरकार का दावा हुआ फेल इन दिनों नहर में उड़ रही है धूल जुलाई का प्रथम सप्ताह भी बीतने को है नहर में नहीं आया पानी किसान धान की रोपाई के लिए परेशान है। पट्टी तहसील क्षेत्र से होकर जौनपुर रजबहा खण्ड 36 निकली हुई है जिससे हजारों गांव के किसान की खेती नहर पर ही निर्भर है परंतु जुलाई के प्रथम सप्ताह बीतने वाला है लेकिन नहर में पानी नहीं आया जिसके कारण किसान अपने धान की फसल की रोपाई नहीं कर पा रहे हैं कोतवाली क्षेत्र के रानीपुर गांव निवासी सहदेव पासी ने बताया कि किसानों के साथ जबरदस्त अन्याय किया जा रहा है नहर विभाग से शिकायत भी की गई लेकिन इस तरफ ध्यान नहीं दिए जिसके कारण धान की रोपाई नहीं कर पा रहे है किसान ,उच्च अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए नहर में तत्काल पानी छोड़ने की मांग की।

## श्रम मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य के द्वारा जिला अस्पताल में लगने वाले ऑक्सीजन प्लांट का स्थलीय निरीक्षण

अमित रेखा – निखिल कुमारध्‍ स्वतंत्र

कसया – कुशीनगर। इस संदर्भ में उन्होंने निर्माणाधीन कार्यो का जायजा लिया। उन्होंने जिलाधिकारी , मुख्य चिकित्सा अधि



ाकारी एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक द्वारा कार्य की प्रगति के बारे में आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। मा0 मंत्री ने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए और यह बताया कि समय रहते कार्य को पूरा किया जाए इस अवसर पर माननीय सांसद विजय कुमार दुबे, विधायक कुशीनगर रजनी कांत मणि त्रिपाठी, विधायक फाजिलनगर गंगा सिंह कुशवाहा,विधायक हाटा पवन केडिया, दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री राजेश्वर सिंह, दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री लालबाबू सिंह बाल्मीकि, जिलाधिकारी एस0 राजलिंगम, मुख्य विकास अधिकारी अनुज मलिक, अपर जिलाधिकारी विंध्यवासिनी राय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी नरेंद्र गुप्ता , मुख्य चिकित्सा अधीक्षक पूर्व जिला महामंत्री भाजपा मार्कंडेय शाही, जनप्रतिनिधि गण अभय सिंह, विजय शुक्ला, ओम प्रकाश जायसवाल, आर के मौर्य ,अनिल प्रतापराव, रामवृक्ष गिरी तथा राम उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय अध्यक्ष, किसान मोर्चा ने किया वृक्षारोपण

अमित रेखा – रमाशंकर सिंह

कुशीनगर। बताते चले राज्य सरकार की योजना तहत 30 करोड़ वृक्षारोपण जन आंदोलन की शुरुआत आज दिनाँक 04 जुलाई 2021 को कृषि विभाग द्वारा विकास खंड रामकोला न्याय पंचायत लाला छपरा और खोटही ग्राम पंचायत सिधावट में मुख्य अतिथि वेटरनस एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष, किसान मोर्चा व भाकियू (अ) के जिलाध्यक्ष, कुशीनगर रामचन्द्र सिंह ने वृक्षारोपण किया। सरकार की मंशा है की पर्यावरण को बचाना है तो पेड़ लगाना जरूरी है। आगे राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री सिंह ने कहा की यह सरकारी योजना है लेकिन सरकार यह अभियान हमारे जीवन को सुरक्षित करने के उदेश्य से चलाती है। हमे ऑक्सीजन इन्ही पौधों से मिलता है। वीते समय मे कोरोना महामारी ने हमे ऑक्सीजन की अहमियत बता दी है। ऐसे में देश का हर एक नागरिक को चाहिए की कम से कम एक पौधा खुद के लिये लगाए। पौधा लगाना सिर्फ ऑक्सीजन का विकल्प नही है इस पौधों की रक्षा करना भी हमारी जिम्मेदारी है तभी इसका फायदा हमे मिल सकता है। इस आयोजन को कृषि विभाग के कर्मचारी मार्कण्डेय तिवारी एटीएम तथा वृजेश तिवारी टीएसी के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। इस मौके पर




भाकियू (अ) के जिला सचिव चेतई प्रसाद, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सूर्यभान यादव, सन्तोष यादव, कोटेदार तथा कृषक अशोक कुमार राव,बसन्त यादव, उपेन्द्र कुमार सिंह, उमेश सिंह, जंत्री शर्मा, हरेन्द्र गुप्ता, दयाशंकर दुबे, गोमती यादव, सन्तोष यादव, भीषम साहनी, किसुन प्रसाद, बिचण्डी प्रसाद, पिंटू प्रसाद, राधे गुप्ता के साथ साथ अन्य किसान मौजूद रहे।

## शादी समारोह से वापस लौटते समय महिला का छिना चौन–

अमित रेखा सुनील पांडेय

ब्यूरो महराजगंज महाराजगंज जनपद के फरेन्दा कस्बे से शादी समारोह से वपास लौट रही महिला की छीना सोने की चौन।मोटरसाइकिल से था चोर,कुछ ही दूरी पर पब्लिक ने सक्रियता दिखते हुए चोर को धर दबोचा लिया।पब्लिक ने किया चोर पर हाथ साफ,पुलिस बुला कर किया हवाले जब इस मामले में थाना प्रभारी से बात की गई तो उन्होंने कहा मामला संज्ञान में है तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी

## उत्तर प्रदेश शासन द्वारा लिए गए निर्णय के क्रम में वृक्षारोपण जन आंदोलन 2021-22 का शुभारंभ

अमित रेखा–निखिल कुमार / स्वतंत्र

कसया – कुशीनगर। स्वामी प्रसाद मौर्य, श्रम एवं सेवायोजन मंत्री उत्तर प्रदेश शासन द्वारा रविंद्र नगर ई वी एम स्टोर परिसर में पीपल का पौधा रोपण कर किया गया। उनके साथ माननीय सांसद कुशीनगर विजय कुमार दुबे, माननीय विधायक कुशीनगर रजनी कांत मणि त्रिपाठी, विधायक फाजिलनगर गंगा सिंह कुशवाहा,




माननीय विधायक हाटा पवन केडिया, दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री राजेश्वर सिंह एवं लालबाबू बाल्मीकि, शासन द्वारा नामित नोडल वीरेंद्र कुमार सिंह प्रबंध निदेशक पीसीडीएफ लखनऊ, जिलाधिकारी एस0 राजलिंगम, मुख्य विकास अधिकारी अनुज मलिक द्वारा भी पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर अन्य स्थानीय प्रतिनिधि भी मौजूद थे श्रम मंत्री द्वारा जनपद को हरा–भरा बनाने के उद्देश्य से अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने पर जोर दिया गया एवं सुझाव दिया गया कि ऑक्सीजन उत्पन्न करने वाले फलदार पौधों का रोपण किया जाए। 4 जुलाई 2021 को जनपद में कुल 28.85 लाख पौधों का रोपण किया जाना है। जिसमें वन विभाग द्वारा 955800 एवं शेष अन्य विभाग द्वारा किया जा रहा है नोडल अधिकारी द्वारा जियो टैगिंग, प्रचार–प्रसार, एवं स्मृति वाटिका की स्थापना की समीक्षा की गई जिसमें 80: जियो टैगिंग की सुविधा के लिए क्विक कैप्चर का प्रयोग किया गया है। नोडल अधिकारी द्वारा हाटा रेंज में ग्रामीण विकास विभाग के भिसवा मठवाल गिरी व वन विभाग के देवरिया रजवाहा नहर पटरी का निरीक्षण किया गया। यह कार्यक्रम 6बजे प्रातः से शाम 6 बजे तक चलता रहा। जनपद में 28.85 लाख के सापेक्ष 31.5 5 लाख पौधों का रोपण किया गया।

# पटहेरवा थाना क्षेत्र के मोगलपुरा गांव के निवासी एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की मौत



अमित रेखा – जावेद अख्तर

पटहेरवा – कुशीनगर। जनपद के पटहेरवा थाना क्षेत्र के मोगलपुरा गांव के निवासी उम्र 34 वर्ष एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की मौत हो गई।वह श्रीवस्ती जिले के गिलौला सीएचसी पर तैनात थे। उनकी मौत की खबर मिलते ही घर में मातम छा गया। गांव के प्रदीप कुशवाहा वर्षीय 34 पुत्र स्व.परमहंस कुशवाहा श्रीवस्ती जिले के गिलौला सीएचसी पर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी थे। शनिवार को वह स्कूटी से सीएमओ कार्यालय किसी विभागीय कार्य से गए थे । दोपहर में लौटते समय वह भीगना नाम की जगह पर स्थित एक ढाबा पर भोजन करने जा रहे थे।कि पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे डीसीएम गाड़ी की चपेट में वह आ गए। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें एंबुलेंस से जिला अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम के बाद रविवार शाम उनका शव जैसे ही गांव आया, वह चीख पुकार मच गई। प्रदीप कुशवाहा के दो लड़के विवेक कुमार उम्र ( 10) वर्ष पवन कुमार उम्र ( 8) वर्ष तथा पत्नी हिरवंती देवी का रो–रोकर बुरा हाल है।

# जनता की समस्याओं का होगा निराकरण - कैबिनेट मंत्री

अमित रेखा – रजवन्त बिश्वकर्मा

खडा – कुशीनगर। पडरौना विधान सभा के विधायक व कैबिनेट मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने रविवार को अकबपुर गांव मे कार्यकर्ता प्रदीप



कुशवाहा के घर आयोजित शोक सभा कार्यक्रम मे नर्वदा कुशवाहा के फोटो पर पुष्प अर्पित किया,बाद मे क्षेत्रीय लोगों की जन समस्याएं सुनी,मंत्री के समक्ष विधानसभा क्षेत्र के सैंकड़ों ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं रखी। साथ ही अपनी–अपनी समस्याओं को लेकर लिखित आवेदन भी दिया,जिसमें राजस्व विभाग,जनवितरण, पेयजलापूर्ति, सड़क, बिजली, आवास योजना, कृषि एवं अन्य विभागों के कई गंभीर मामलों को रखा,इनमें सर्वाधिक विकास से संबंधित शिकायतें आई,लोगों की समस्याएं सुनने के बाद मंत्री ने सभी को आवेदनों को सूचीबद्ध कर संबंधित विभाग को अग्रसारित करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को अविलंब समस्याओं के समाधान करने का निर्देश दिया, इस दौरान मंहथ कुशवाहा,राजेश शर्मा,प्रदीप कुशवाहा,सीताराम, बेचू कुशवाहा,नंदलाल,बीरन आदि लोग मौजूद रहे।

## अपर पुलिस अधीक्षक कुशीनगर बाढ़ राहत शिविर एवं सुरक्षा व्यवस्था का किया निरीक्षण

अमितरेखा – कृष्णा यादव तहसील प्रभारी

तमकुही राज – कुशीनगर। बाढ़ के कारण प्रभावित होने वाले गांवो के लिए सरकार द्वारा बनाए गए राहत सामग्री वितरण केंद्रों का अपर पुलिस अधीक्षक कुशीनगर अयोध्या प्रसाद ने रविवार को स्थलीय निरीक्षण किया ।

# थाना खण्डासा जनपद अयोध्या पुलिस ने शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने वाले अभियुक्त को किया गिरफ्तार

अमितरेखा शिव शंकर तिवारी 'अयोध्या'। शैलेश कुमार पाण्डेय वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद अयोध्या के दिशा निर्देशन मे अपराध एंव अपराधियो पर प्रभावी नियन्त्रण हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण महोदय शैलेन्द्र कुमार सिंह के कुशल पर्यवेक्षण मे क्षेत्राधिकारी मिल्कीपुर महोदय राकेश कुमार श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन मे प्रभारी निरीक्षक नीरज सिंह के दिशा निर्देशन मे वादी हरी राम रैदास पुत्र स्व0 भुलई निवासी ग्राम बकचुना थाना खण्डासा जनपद अयोध्या द्वारा दिये गये प्रार्थना पत्र के आधार पर पंजीकृत मु0अ0सं0 162ध्021 धारा 376ध्504ध्506 आईपीसी व 3(2)(5) एससी एसटी एक्ट मे वांछित अभियुक्त सर्वेश कुमार साहू उर्फ शौरभ साहू पुत्र राम प्रसाद साहू उर्फ जुग्गी लाल निवासी बकचुना थाना खण्डासा जनपद अयोध्या को थाना खण्डासा पुलिस टीम व0उ0नि0 रामप्रकाश त्रिपाठी,कां0 बालमुकन्द यादव द्वारा आज दिनाँक 05.07.2021 को मुखबिर खास की सूचना पर मोहली चौराहे से गिरफ्तार किया गया । तथा अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश करने हेतु मय पुलिस फोर्स के साथ रवाना किया गया । 'गिरफ्तार अभि0 का नाम पता–' सर्वेश कुमार साहू उर्फ शौरभ साहू पुत्र राम प्रसाद साहू उर्फ जुग्गी लाल निवासी बकचुना थाना खण्डासा जनपद अयोध्या

'पंजीकृत अभियोग–'

☐ मु0अ0सं0 162 / 021 धारा 376 / 504 / 506 आईपीसी व 3(2)(5) एससी एसटी एक्ट

'गिरफ्तार करने वाली टीम–'

☐ व0उ0नि0 रामप्रकाश त्रिपाठी

☐ कां0 बालमुकन्द यादव

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कि मेरा नाम अलियास संसारी पुत्र स्वर्गीय इशू मिया साकीन नगरू पंचायत सेवरही वार्ड नंबर 1 आजाद नगर थाना व पोस्ट सेवरही तहसील तमकुही राज जनपद कुशीनगर का स्थाई निवासी हूं।

मैं उम्र से बालक हूं मेरे पुत्र सजरे आलम का चाल चलन सही नहीं है तथा हमारे ख्याति को धूमिल करता आ रहा है दिनांक 29 .6. 2021 को हम सूचना करता अपने संपूर्ण चल और अचल संपत्ति से बेदखल कर रहे हैं। तथा हम सूचना करता किसी भी संपत्ति से उसका या उसकी पत्नी या उसके द्वारा उत्पन्न वारिसान का कोई संबंध नहीं रहेगा। मैं अपनी संपत्ति से बेदखल करने हेतु पेपर के माध्यम से राजस्व व सरकारी अभिलेखों में अवगत कराना चाहता हूं।

## दबंग लोगों ने खडंजा की ईट को उखाड और रास्ते को गिराया-

अमित रेखा प्रताप गढ ब्यूरो

थाना कोहंडौर क्षेत्र के अतरसन्ड गांव में बने खडंजे की ईट को उखाड कर रास्ते को गिराया पीड़ित ने एसडीएम पट्टी को प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की मांग की। थाना कोहंडौर क्षेत्र के अतरसन्ड गांव निवासी कादिर खान ने उप जिलाधिकारी को प्रार्थना देकर आरोपित किया है कि मेरे आने जाने के रास्ते को मैंने अपने स्वयं के पैसे से खड़ंजा विछाया था जिसे गांव के नवसाद ने दबंगई के बल पर मेरे द्वारा बिछाई गई खंडजा की ईट को उखाड कर फेंक दिया और रास्ते को गिरा दिया है मना करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए।

# अमरोहा में बेटे ने मां को चप्पल से पीटा

अमरोहा। उत्तर प्रदेश के अमरोहा में एक ऐसी घटना सामने आई है जिसे सुनकर आपका सिर शर्म से झुक जाएगा। यहां एक युवक ने अपनी बूढ़ी मां को बेरहमी से चप्पलों से पीटा। मां का कसूर बस इतना था कि वह अपनी बहू को किसी बात पर समझा रही थी। इसी पर सास–बहू में कहासुनी शुरू हो गई तो बेटा पत्नी के पक्ष में आ गया। उसने मां को चप्पलों से पीटना शुरू कर दिया। थप्पड़ भी मारे। बड़ी मुश्किल से पड़ोस में रहने वाली एक महिला ने बीच–बचाव करके बुजुर्ग महिला को बचाया। लेकिन, इस मामले में टर्न आ गया। पड़ोस में रहने वाले किसी ने बुजुर्ग मां को बेरहमी से पीटते बेटे का वीडियो बना लिया। उस वीडियो को सोशल मीडिया पर डाल दिया। वीडियो पुलिस तक पहुंच गया। पुलिस ने जांच की और आरोपी बेटे को पता लगाकर उसे गिरफ्तार करने उसके घर पहुंच गई। पुलिस बेटे को पकड़कर थाने ले आई। बेटे को पुलिस हिरासत में देख मां घबरा गई पुलिस के शिकंजे में बेटे को देखकर मां का कलेजा बैठा जा रहा था। पहले मां ने घर में ही पुलिस को बेटे को न पकड़ने की गुहार लगाई। लेकिन, पुलिस नहीं मानी तो मां पीछे–पीछे थाने पहुंच गई। वहां उसने पुलिसवालों के हाथ जोड़कर बेटे को छोड़ देने की गुजारिश की। उसे इस बात की चिंता थी कि कहीं पुलिस बेटे को जेल न भेज दे। मां ने बेटे के खिलाफ रिपोर्ट लिखाने से भी मना कर दिया।

**रोती रही थी बूढ़ी मां, बहू बैठी तमाशा देखती रही**



पुलिस ने बताया कि घटना गजरौला थाने के बिजौरा गांव की है। आरोपी बेटे का नाम नन्हे है। वह मजदूरी करता है। रविवार को नन्हे की पत्नी बबीता का अपनी सास कैलाशो से किसी बात पर विवाद हो गया। सास, बहू को समझा रही थी। तभी बहू नाराज हो गई और सास को डांटकर शांत करा दिया। बुजुर्ग कैलाशो ने इसकी शिकायत अपने बेटे नन्हे से की। लेकिन मां की बात समझने के बजाय नन्हे उल्टा मां पर ही भड़क गया। उसने घर के दरवाजे पर बैठी मां को चप्पल से बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया। बूढ़ी मां रोती रही। बेटे के वार से बचने को बूढे हाथों से बचाव करना भी चाहा लेकिन जवान बेटा नहीं रुका। अपनी भड़ास निकलने तक वह मां को पीटता रहा। इस दौरान आरोपी की पत्नी पास बैठी तमाशा देखती रही थी।

## बुंदेलखंड का औद्योगिक विकास सरकार की प्राथमिकताः डीएम

झाँसी। देश के प्रधानमंत्री और उप्र के मुख्यमंत्री की प्राथमिकता बुंदेलखंड का औद्योगिक विकास है और इसमें अधिकारियों और बैंकों द्वारा किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी आन्द्रा वामसी ने विकास भवन सभागार में जिलास्तरीय उद्योग बन्धु समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुये ये बातें कहीं। जिलाधिकारी ने है में कहा कि इसीलिए उद्धमियों के लिए अनेकों योजनायें केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित की जा रही हैं, जिसका सीधा लाभ क्षेत्र के उद्यमियों को प्राप्त हो और बुन्देलखण्ड में उद्योगों का सृजन हो जिससे लोगों को रोजगार मिले। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का समुचित लाभ क्षेत्र के उद्यमियों को नही मिल पा रहा है, यह उचित नही है। बैंकर्स अपने कार्यो की स्वयं समीक्षा करें और उद्यमियों को योजनाओं का लाभ दिलाये। जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को नसीहत देते हुये कहा कि उद्योग सृजन से सम्बन्धित पत्रावलियों को लम्बित न रखें। समय से कार्यवाही करते हुये उसका निस्तारण करना सुनिश्चित करें। निवेश मित्र योजना की समीक्षा करते हुये उन्होने निवेश मित्र पोर्टल पर लम्बित आनलाइन आवेदन पत्र पर विद्युत विभाग एवं प्रदूषण विभाग पर नाराजगी व्यक्त की और निस्तारण समयावधि में किए जाने के निर्देश दिए। बैठक में आत्म निर्भर भारत अभियान योजनान्तर्गत ऋण की समीक्षा के दौरान उद्यमी राकेश सिंह बघेल ने बताया कि भारत सरकार द्वारा घोषित पैकेज में प्रदेश के ऐसे सभी सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम इकाइयों को जिनका आउट स्टैण्डिंग ऋण रु 25 करोड़ तक है। लाकडाउन के पश्चात उनके संचालन में आने वाली समस्याओं को दूर करने हेतु इकाइयों के आउट स्टैण्डिंग ऋण का 20 प्रतिशत बिना किसी गारण्टी के अतिरिक्त रुप में दिये जाने के निर्देश सरकारी व निजी बैंकों को दिये गये। जनपद में एसबीआई द्वारा अपने समस्त इकाइयों को 20: दे दिया परंतु पंजाब नेशनल बैंक द्वारा इस योजना का लाभ इकाइयों को नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पीएनबी बैंक को आवेदन करने पर भी बैंक द्वारा लगातार परेशान किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने तत्काल एलडीएम को निर्देश दिये कि कितनी इकाइयां है, कितनों को योजना का लाभ दिया गया तत्काल सूची उपलब्ध करायें। उन्होने पीएनबी की कार्य पद्वति पर भी असंतोष व्यक्त किया। जिलाधिकारी ने उद्योग बन्धु समिति की बैठक में स्टैण्ड अप इण्डिया योजना की समीक्षा करते हुये कहा कि यह योजना सीधे बैंकों द्वारा संचालित की जाती है। महिला व अनुसूचित जाति के लाभार्थियों को योजना का अधिक से अधिक लाभ हो। उन्होने एलडीएम को निर्देश दिये कि योजनान्तर्गत मात्र 02 लाभर्थियों को 20 लाख ऋण स्वीकृत व वितरण किया गया इसे और बढ़ाया जाये। जो भी आवेदन प्राप्त हो उनका समय से निस्तारण किया जाये ताकि महिला उद्यमियों को रोजगार के अवसर प्राप्त हो। समिति की बैठक में जिलाधिकारी द्वारा विभिन्न ऋण योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुये कहा कि योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों को मिले, यह अवश्य सुनिश्चित किया जाये। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम की समीक्षा में उन्होंने खादी ग्रामोद्योग आयोग एजेन्सी की प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुये निर्देश दिये कि आवेदनों के प्रेषण को बढाया जाये ताकि अधिक आवेदनों को स्वीकृत किया जा सके। उन्होंने मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, एक जनपद एक उत्पाद, वित्तीय सहायता योजना की समीक्षा करते हुये कहा कि अधिक से अधिक आवेदन प्राप्त किये जाये।

## पुलिस सै शिकायत करने सै नाराज हथियार बंद लोगोने फायरिंग कर दहशत फैलाई, 3घायल

हमीरपुर। घ्राठ ध कोतवाली कै मुहल्ला घदिवानपुरा मै मारपीट कि शिकायत कर पुलिस बुलानै सै खुन्नस होकर हथियार बंद युवको नै फायरिंग कर दहशतगर्द माहौल पैदा किया। इस फायरिंग सै 3लोग घायल हो गयै। इन घायलो को उपचार हैतु सामुदायिक स्वास्थ्य कैन्द्र राठ में भर्ती कराया गया। पुलिस प्रवक्ता नै बताया कि थाना राठ अंतर्गत कस्बा राठ के दीवानपुरा मोहाल में गत रात्रि करीब 11.30 बजे लछीराम कुशवाहा पुत्र छोटेलाल कुशवाहा के घर के पास अरविन्द यादव, रविन्द्र यादव, सतेन्द्र यादव, रोहित राजपूत, समीर पठान, अरमान शाह तथा कुछ अन्य लोग आये और लछीराम कुशवाहा उसके लड़के जयराम कुशवाहा व उसके पिता छोटेलाल कुशवाहा व माँ कुसुम रानी कुशवाहा के साथ मारपीट किये। जयराम कुशवाहा के गले में गोली मार दी, लछीराम कुशवाहा के सिर पर गम्भीर चोटें हैं। छोटेलाल और कुसुमरानी को भी चोटें हैं। सम्भवतः कुसुमरानी को छर्रे भी लगे हैं। सभी मजरूबों को ब्भ्ब राठ भेजा गया उसके पश्चात उपरोक्त चारों मजरूबों को उपचार हेतु झाँसी रिफर किया गया है। इनका रात्रि में 09.00 बजे जुआ खेलने की बात को लेकर विवाद भी हुआ था। वादी का कहना है कि कुसुमरानी को भी छर्रे लगे हैं। जयराम और लछीराम रिफर हैं तथा कुसुमरानी व छोटेलाल भी एम्बुलेन्स के साथ में गये हैं जिनको ज्यादा चोट नहीं लगी है। वादी फूलसिंह कुशवाहा की तहरीर के आधार पर थाना राठ में 07 नामजद व अज्ञात के घ्घ्घविरुध्द धधारा–147ध148ध149ध 323ध307 आईपीसी' में अभियोग पंजीकृत किया गया है। अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु दबिश दी जा रही है।

### आईटी सेक्टर की सही दिशा देगी कैरियर में ऊंची उड़ान

फर्रुखाबाद, (यूएनएस)। बामा सारथी पुलिस कल्याण कार्यक्रम के तहत विश्वनाथ सामाजिक सेवा संस्थान द्वारा संचालित एशियन कंप्यूटर इंस्टीट्यूट की प्रबंध निदेशक आकांक्षा सक्सेना द्वारा आज पुलिस लाइन फतेहगढ़ सभागार में आज छात्र छात्राओं को कैरियर काउंसलिंग प्रदान की गई जिसमें लगभग 40 छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया सभी को भविष्य में होने वाली अपार संभावनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया।

## कलेक्ट्रेट परिसर मे सदर विधायक, डीएम, एसपी ने पीपल, बरगद , पाकड के वृक्ष रोपित किये

हमीरपुर । वन महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत आज जनपद में वृक्षारोपण का बृहद अभियान चलाया गया, जिसमे एक ही दिन में रिकॉर्ड 45 लाख 52 हजार 800 से अधिक वृक्षों का रोपण किया गया । ज्ञात हो कि वृक्षारोपण का यह अभियान संपूर्ण जुलाई माह चलेगा । आज हुए वृक्षारोपण के अलावा इसीजुलाई माह के दौरान 10 लाख से अधिक पौधे अभी और रोपित किए जाएंगे, इस प्रकार जनपद हमीरपुर में संपूर्ण जुलाई माह के दौरान कुल 55 लाख से अधिक पौधे रोपित किए जाएंगे। ज्ञात हो कि वृक्षारोपण का जनपद का लक्ष्य 55 लाख तथा संपूर्ण प्रदेश का लक्ष्य 30 करोड़ है। आज के इस वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ मा0 सदर विधायक श्री युवराज सिंह , जिलाधिकारी डॉ ज्ञानेश्वर त्रिपाठी , पुलिस अधीक्षक श्री नरेंद्र कुमार सिंह ने कलेक्ट्रेट परिसर में संयुक्त रूप से त्रिवेणी( पीपल,बरगद, पाकड़ ) का वृक्ष रोपित करके किया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष श्री ब्रजकिशोर गुप्ता सहित मुख्य विकास अधिकारी कमलेश कुमार वैश्य, अपर जिलाधिकारी विनय प्रकाश श्रीवास्तव ,अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे राजेश कुमार यादव,ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ध्एसडीएम सदर संजय कुमार मीणा , डीएफओ यू0सी0 राय ,नगर पालिका परिषद हमीरपुर के अध्यक्ष श्री कुलदीप कुमार निषाद , डिप्टी कलेक्टर संजीव शाक्य, सीएमओ डॉ आर0के0 सचान, सीओ सदर अनुराग सिंह, अपर जिला सूचना अधिकारी रूपेश कुमार आदि ने भी कलेक्ट्रेट परिसर में वृक्षारोपण किया। इस दौरान कलेक्ट्रेट में आयोजित गोष्ठी के दौरान मा0 सदर विधायक ने कहा कि वृक्ष हमारे लिए जीवनदाई ऑक्सीजन देते हैं तथा विषैली एवं हानिकारक गैसों का अवशोषण करते हैं जिससे पर्यावरण शुद्ध होता है तथा हमे प्रदूषण मुक्त ऑक्सीजन मिलती है । कहा कि हमारे पूर्वज वृक्षों की महत्ता को भली–भांति जानते थे इसीलिए भारतीय संस्कृति में वृक्षों का देवता तुल्य माना है तथा वृक्षों की पूजा की जाती है। उन्होंने कहा कि वृक्षों का रोपण के साथ–साथ उनकी देखरेख व जीविता पर भी ध्यान देना आवश्यक है तथा वृक्षारोपण हेतु लोगों को प्रोत्साहित करने के लिए जन सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण गोष्ठी का आयोजन कर वृक्षारोपण के प्रति लोगों को जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी लोग एक एक पौधा अवश्य रोहित करें तथा उसकी देखरेख करें। ताकि हम आने वाली पीढ़ी के लिए हरा भरा और स्वच्छ वातावरण दे सकें।इस मौके पर जिलाधिकारी ने कहा कि मानव जीवन की रक्षा के लिए वृक्ष तथा वन आवश्यक है वृक्ष प्राणवायु ऑक्सीजन के प्राकृतिक स्रोत हैं ।

### दोस्तों के साथ गंगा नहानें आया युवक डूबा, तीन घंटे बाद निकली लाश

फर्रुखाबाद, (यूएनएस)। फूफा के घर विवाह समारोह में शामिल होनें आया युवक अचानक गंगा में डूब गया। पुलिस नें उसकी तलाश करायी तो तीन घंटे बाद उसका शव बरामद हुआ। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। जनपद कन्नौज के तिर्वा खानपुर निवासी सुन्दरम पुत्र श्यामू शखवार थाना कमालगंज के लोहिया नगर निवासी अपने फूफा दिनेश शंखवार के घर विवाह में शरीक होंने के लिए आया था। विवाह के बाद परिजन घर चले गये व सुन्दरम फूफा के घर ही रुक गया। सोमवार को सुन्दरम अपने दो अन्य दोस्तों के साथ गाँव के निकट ही गंगा नहानें चला गया। खेल–खेल में वह अचानक गहरे पानी में चला गया। जिससे वह डूब गया। सूचना मिलने पर उपनिरीक्षक जितेन्द्र पटेल मौके पर पंहुचे और गोताखोरों की मदद से लगभग 3 घंटे के बाद सुन्दरम का शव गंगा से बरामद कर लिया। परिजनों का रो–रो कर बुरा हाल हो गया।

### गंगा में तैरता मिला एक दिन पूर्व डूबे ग्रामीण का शव

फर्रुखाबाद, (यूएनएस)। बीते दिन अमृतपुर गंगा में डूबे ग्रामीण का शव पानी में तैरता मिला। जिसकी सूचना पर मौके पवर भीड़ लग गयी। मामले की सूचना पुलिस को दी गयी। कोतवाली मोहम्मदाबाद के ग्राम करथिया निवासी 45 वर्षीय रघुनंदन पुत्र धारा बीते दिन अमृतपुर के ग्राम कनकापुर में गंगा में डूब गया। जिसके शव की तलाश की ही थी। तभी सोमवार सुबह लगभग 8 बजे शहर कोतवाली के पांचाल घाट पर एक युवक का शव गंगा में तैरता मिला। जिसकी सूचना शहर कोतवाली पुलिस को दी गयी। शहर कोतवाली पुलिस नें थाना अमृतपुर को दी। वहीं मौके पर भीड़ लग गयी। मृतक चड्डी बनियान पहनें था। थानाध्यक्ष अमृतपुर जसबंत सिंह नें बताया कि सूचना मिल गयी है। पंचनामा आदि की कार्यवाही के लिए उपनिरीक्षक सुरजीत को भेजा गया है।

### भाजपा नें किया व्लाक प्रमुख दावेदारों के नामों पर मंथन, प्रत्याशियों की घोषणा जल्द

फर्रुखाबाद, (यूएनएस)। जिला पंचायत अध्यक्ष के चुनाव में भाजपा समर्थित प्रत्याशी मोनिका यादव के द्वारा जीत दर्ज करनें के बाद भाजपा का उत्साह दो गुना हो गया है। अब भाजपा नें जिले के सभी व्लाकों के प्रमुखों की कुर्सी पर कब्जा जमानें के लिए बिसात बिछानी शुरू कर दी है। जिला संगठन प्रभारी व पिछड़ा वर्ग वित्त विकास के चेयरमैन राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त बाबूराम निषाद ने आगामी ब्लॉक प्रमुख चुनाव की दृष्टि से कोर कमेटी की बैठक संपन्न कर व्लाक प्रमुख प्रत्याशियों के नामों पर मंथन भी किया। जिला संगठन प्रभारी कहा जिला पंचायत अध्यक्ष के चुनाव परिणाम आने के बाद यह स्पष्ट हो चुका है भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व पर जनता का पूर्ण विश्वास कायम है,आगामी ब्लाक प्रमुख चुनाव को लेकर संगठन आगामी रणनीति पर विचार कर रहा है, पार्टी संगठन ब्लाक प्रमुख प्रत्याशी चयन को लेकर स्पष्ट नीति अपना रहा है इसके लिए पार्टी के प्रति समर्पित कार्यकर्ता व पदाधिकारी को ब्लाक प्रमुख पदों पर प्रत्याशी बनाया जाएगा। भाजपा जिले के समस्त ब्लाक प्रमुख पदों पर प्रचंड बहुमत के साथ चुनाव जीतेगी। समाजवादी पार्टी प्रदेश में अराजकता का माहौल पैदा करना चाहती है। योगी के साढे 4 वर्ष के शासनकाल में अराजक तत्वो एवं माफियाओं पर बड़ी करवाई करके प्रदेश में सुशासन का संदेश दिया। जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता ने बताया ब्लॉक प्रमुख चुनाव की दृष्टि से कोर कमेटी की बैठक आयोजित हुई है। संगठन जल्द ही ब्लॉक प्रमुख के समस्त पदों पर प्रत्याशी चयन करेगा। सांसद मुकेश राजपूत, सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी, भोजपुर विधायक नागेंद्र सिंह राठौर, अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य, कायमगंज विधायक अमर सिंह खटीक, जिला महामंत्री हिमांशु गुप्ता, फतेह चंद वर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश कटियार, भूदेव सिंह राजपूत, पूर्व जिला महामंत्री शैलेंद्र सिंह राठौर, पूर्व विधायक कुलदीप गंगवार, जिला पंचायत सदस्य कुंबरजीत सिंह राजपूत, पूर्व चेयरमैन शमशाबाद विजय गुप्ता, शिवांग रस्तोगी आदि रहे।

### पानी संकट से मुक्त हो रहा बुंदेलखंड

बांदा, (यूएनएस)। पानी के संकट के लिए पहचाने जाने वाले बुंदेलखंड को प्रधानमंत्री ने हर घर नल योजना की सौगात देकर श्राप मुक्त कर दिया है। बुंदेलखंड की लगभग 20 लाख हेक्टेयर जमीन सिंचित होगी। यह बात केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने अपनी संबोधन में कही। उन्होंने कहा कि जल जीवन का मूल आधार है। जल जीवन को बचाने का दायित्व सभी का है। पूरे देश में 70 वर्ष में 17 प्रतिशत घरों को पीने का पानी पहुंचा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 19 करोड़ घरों में पानी पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। वर्ष 2022 तक बुंदेलखंड में पीने का पानी पहुंचाने का काम योगी सरकार करेगी। 1340 करोड़ की लागत से 156 एमएलडी पानी शोषित कर 374 गांव में हर घर नल से पानी पहुंचाया जाएगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि दो वर्षों में परियोजना पूरी हो जाएगी। मध्य गंगा परियोजना, अर्जुन सागर बांध परियोजना एवं सरयू परियोजना से 33 लाख हेक्टेयर जमीन सिंचित होगी। इसमें 20 लाख हेक्टेयर जमीन बुंदेलखंड की सिंचित होगी। इस क्षेत्र से पानी का संकट हमेशा के लिए समाप्त हो जाएगा। कहा कि पानी की गुणवत्ता को परखने के लिए प्रत्येक गांव में पांच महिलाओं को रखा जाएगा। उन्हें प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### आंकड़ों की माया, हर परिवार को 45 पौधों की छाया

बांदा, (यूएनएस)। बुंदेलखंड की पथरीली धरती पर पौधरोपण के सरकारी आंकड़े खूब हरे–भरे हैं। धरातल पर कुछ भी हो पर फाइलों में यह हरियाली चहुंओर छाई हुई है। पौधरोपण के आंकड़े तो यही बयां कर रहे हैं। चित्रकूटधाम मंडल के चारों जिलों बांदा, हमीरपुर, चित्रकूट और महोबा में पिछले दो वर्षों में तीन करोड़ 90 लाख 15 हजार 657 पौधरोपण का दावा किया गया है। चारों जिलों का क्षेत्रफल 14,790 वर्ग किलोमीटर है। यानि औसतन एक वर्ग किलोमीटर में 2638 पेड़ों की हरियाली है। साथ ही एक परिवार पर 45 पौधों का औसत है। चित्रकूटधाम मंडल के वन विभाग के आंकड़े बताते हैं कि मंडल के चारों जिलों में पिछले साल वर्ष 2020–21 में एक करोड़ 80 लाख 83 हजार पौधे लगाए गए थे। यही लक्ष्य था। इस वर्ष 2021–22 में दो करोड़ नौ लाख 32 हजार 657 पौधरोपण का लक्ष्य है। चार जुलाई को विशेष पौधरोपण अभियान में 10 लाख से ज्यादा पौधे भी लगाए गए हैं। वन विभाग के आंकड़ों पर अगर यकीन किया जाए तो चित्रकूटधाम मंडल के चारों जिलों में सिर्फ दो वर्षों के पौधरोपण में औसतन एक वर्ग किलोमीटर में 2638 पौधे लगाए गए हैं। उधर, आबादी के हिसाब से देखा जाए तो चित्रकूटधाम मंडल में एक व्यक्ति पर आठ पेड़ों का औसत है। मंडल की कुल आबादी 47 लाख 71 हजार 363 (पिछली जनगणना के अनुसार) है, जबकि बीते दो वर्षों में पौधरोपण तीन करोड़ 90 लाख 15 हजार से भी ज्यादा बताया जा रहा है।

### विधायकों ने एमडी को बिजली की बताई बदहाली

बांदा, (यूएनएस)। दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम प्रबंध निदेशक (एमडी) अमित किशोर को बिजली आपूर्ति की लचर व्यवस्था पर जन प्रतिनिधियों की शिकायतों और नाराजगी से रूबरू होना पड़ा। सुबह सर्किट हाउस में विधायकों ने जर्जर आपूर्ति व्यवस्था पर सख्त नाराजगी जताई। विधायक प्रकाश द्विवेदी ने दो टूक शब्दों में कहा कि बिजली विभाग के अभियंताओं की लापरवाही की बदौलत स्थिति गड़बड़ाई है। जनाक्रोश से सरकार की छवि धूमिल हो रही है। कहा कि फाल्टों की भरमार है। खासकर पेयजल आपूर्ति से जुड़े फीडर बदहाल हैं। अवर अभियंता व अन्य अधिकारी रात को फोन नहीं उठाते। किसानों के निजी नलकूप का पैसा जमा है। उन्हें मैटेरियल नहीं दिया जा रहा है। विधायक चंद्रपाल कुशवाहा ने भी अपने क्षेत्र की जर्जर बिजली आपूर्ति पर असंतोष जताते हुए प्रबंध निदेशक से शिकायत की। विधायक प्रतिनिधि रजत सेठ, पूर्व बीडीसी सुधीर कुशवाहा सहित, कारपोरेशन के मुख्य अभियंता वीके झा, अधीक्षण अभियंता अशोक कैम सहित सभी अधिशासी अभियंता बैठक में उपस्थित रहे। विधायक बृजेश प्रजापति (तिंदवारी) ने प्रबंध निदेशक से मुलाकात की और अपने क्षेत्र की बिजली समस्याओं के बारे में अवगत कराया। इसके पूर्व रविवार को देर रात प्रबंध निदेशक ने शहर के पीली कोठी, तुलसी नगर, भूरागढ़ आदि सब स्टेशनों का निरीक्षण किया। लाग बुक आदि देखी।

### महिला की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या, खून से लथपथ मिला शव

उरई/जलौन, (यूएनएस)। कुठौंद थाना क्षेत्र के मड़ोरा में रविवार देर रात को घर में अकेली महिला की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। सुबह काफी देर तक महिला के घर का दरवाजा न खुलने से आस–पड़ोस के लोग मौके पर पहुंचे। जहां खून में लथपथ महिला का शव देखकर सभी के होश उड़ गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है। सरावन कुठौंद थाना क्षेत्र के गांव मड़ोरा में घर अकेली रह रही वृद्ध महिला विद्या देवी पत्नी हरी सिंह सेंगर की गला रेत कर हत्या कर दी गई। पुलिस हत्या के कारणों का पता लगाने में जुटाने है। मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक सहित जिले के कई थानों का फोर्स मौजूद है। घर में महिला के साथ उसका पति भी नही रहता था। मृतका के दो पुत्र थे जिसमें एक लड़के और बहू की दो साल पहले सिकंदरा कानपुर देहात के पास एक्सीडेंट में मौत हो गई थी। छोटा लड़का भी घर पर नही था। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार देर रात कुछ लोग चोरी के इरादे से घर में घुसे थे। स्थानीय लोगों का कहना है कि महिला द्वारा पहचानने के कारण चोरों ने हत्या कर दी।

### मारपीट करते हुए जान से मारने की दी धमकी

उरई/जलौन, (यूएनएस)। कदौरा थाना क्षेत्र के ग्राम बसरेही निवासी सेवाराम ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह रविवार रात 8 बजे वह खदान के समीप रखे परचूनी की दुकान पर बैठा था, तभी गांव का ही कमलापथ आया। इसके बाद खदान में लगे कंप्यूटर कृत केबिन का सामान ले गया। इसकी संचालक से शिकायत कर दी। खुन्नस खाकर युवक ने घर पर आकर गालीगलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। बीच बचाव करने आए परिजनों व पड़ोसियों के साथ भी हाथापाई की। पुलिस ने मामले की जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### आठ वर्षीय मासूम के साथ छेडखानी, आरोपी गिरफ्तार

उरई/जलौन, (यूएनएस)। कुठौंद थाना क्षेत्र के एक गांव में एक जुलाई को एक बुजुर्ग ने आठ वर्षीय मासूम को अपने कमरे पर ले जाकर छेड़खानी की। बच्ची ने किसी तरह घर पहुंचकर परिजनों को जानकारी दी थी। परिजनों ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। कुठौंद थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया था कि रामसनेही निवासी किरवाहा रामपुरा थाना कुठौंद ने उसकी आठ वर्षीय पुत्री को खेलते समय बीस रुपये देने का लालच देकर अपने साथ अपने कमरे में ले गया। इसके बाद अश्लील हरकतें कर छेड़खानी की। बच्ची के रोने चीखने पर आरोपी ने दरवाजा खोलकर उसे भगा दिया। उसने घर आकर परिजनों को जानकारी दी। परिजनों ने थाना पहुंचकर पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने पॉक्सो एक्ट रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। सोमवार की सुबह दस बजे पुलिस ने आरोपी वृद्ध रासनेही को किरवाहा गांव के आगे नहर पुलिया से गिरफ्तार कर लिया है। तलाशी में उसके पास से 110 रुपये बरामद हुए।

### जनसेवा केंद्रों पर निशुल्क बनेंगे आयुष्मान कार्ड

उरई/जलौन, (यूएनएस)। जिले में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत कुल 105042 लाभार्थी परिवार एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत 1360 लाभार्थी परिवार हैं। अब तक प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत 114799 आयुष्मान कार्ड बने हैं। मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान के अंतर्गत 332 कार्ड बनाए गए हैं। इस तरह जनपद जालौन में कुल 115131 आयुष्मान कार्ड लाभार्थियों को निर्गत किए जा चुके हैं।

## सम्पादकीय........

### कठिन है खोया आधार नंबर जानना

आधार नंबर खो जाने के कारण बिहार और झारखंड में कई लोग ऐसे हैं, जिन्हें किसी भी सामाजिक योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है. खोये हुए आधार नंबर को ढूंढना हमारे और आपके लिए शायद मामूली प्रक्रिया होगी, लेकिन वंचित लोगों के लिए बड़ी चुनौती हो सकती है. हाल में एक गरीब मुसहर महिला रीना देवी का संघर्ष आधार की मूल संरचना में इस चिंताजनक त्रुटि को उजागर करता है. बहुत से लोगों के पास आधार संख्या का एक ही दस्तावेज होता है– उनका आधार कार्ड. रीना के अनुभव से हमें पता चला कि आधार कार्ड खो जाने पर कैसे एक परिवार को सभी सामाजिक योजनाओं के लाभ से वंचित होने का खतरा है. रीना अपने दो छोटे बच्चों और सास–ससुर के साथ मुजफ्फरपुर जिले के किनारू गांव में रहती हैं. इस युवा दलित महिला से पिछले साल अक्तूबर में हमारी मुलाकात होने से कुछ दिन पहले उनके पति का निधन हो गया था. रीना के परिवार के लिए दो वक्त का भोजन जुटा पाना पहले ही बहुत मुश्किल था, अब दिहाड़ी मजदूरी से जो कुछ आमदनी थी, वह भी नहीं रही. राशन कार्ड, जॉब कार्ड, बैंक खाता और विधवा पेंशन के लिए रीना मूल रूप से अधिकृत हैं, लेकिन उनके पास इनमें से कुछ भी नहीं है, क्योंकि उनका आधार कार्ड खो गया है. इन सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए आधार की सख्त जरुरत है. बिना हमारी मदद के रीना को अपना खोया हुआ आधार नंबर कभी नहीं मिलता. यहां तक कि हमारी यूनिवर्सिटी डिग्री और संसाधनों के बावजूद खोये हुए आधार की गुत्थी सुलझाने में कई महीने लग गये. रीना का आधार तो मिला, लेकिन कई तरह की विशेष मदद के बाद.शुरुआती दौर में हमने सभी स्थानीय उपाय आजमाये. हम में से एक (व्योम) रीना के साथ उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक स्थित आधार नामांकन केंद्र गये, वहां से तुर्की प्रखंड मुख्यालय, फिर मुजफ्फरपुर में डिस्ट्रिक्ट रजिस्ट्रार कम कॉन्सेलिंग सेंटर और फिर वहां से इंडिया पोस्ट ऑफिस, मुजफ्फरपुर स्थित आधार नामांकन केंद्र. भाग–दौड़ का यह सिलसिला हफ्तों तक चला. हमारा भी दिमाग खराब होने लगा था. किसी को नहीं पता था कि रीना को उसका खोया हुआ आधार कहां से मिलेगा. फोन पर आधार प्राधिकरण सहायता केंद्र से पता चला कि रीना को उनका आधार नंबर वापस मिल जायेगा, अगर वे अपना नाम, पता, पिन कोड और जन्मतिथि सही–सही बता दें, लेकिन रीना को अपने जन्मतिथि का कोई अंदाजा नहीं था. आधार वेबसाइट पर भी उन्हीं लोगों को आधार ढूंढने की सुविधा थी, जिनके पास पंजीकृत मोबाइल नंबर या ईमेल है. आधार प्राधिकरण सहायता केंद्र के प्रतिनिधि ने तीन दिसंबर, 2020 को रीना को नये आधार के लिए आवेदन करने की सलाह दी. नये आवेदन से रीना का आधार संख्या पता चलेगा या नहीं, यह स्पष्ट नहीं था. फिर भी रीना ने उसी दिन नया आवेदन किया और 29 दिसंबर को आवेदन के दस्तावेजों में गड़बड़ी बताते हुए उसे रद्द कर दिया गया. इधर हमने सूचना के अधिकार के तहत खोया हुआ आधार वापस पाने की प्रक्रिया पर प्राधिकरण से जानकारी मांगी. जवाब में उन्होंने केवल यह समझाया कि आधार कैसे पंजीकृत मोबाइल नंबर या ईमेल से वापस मिल सकता है, लेकिन वे लोग क्या करेंगे, जिनके पास पंजीकृत मोबाइल या ईमेल नहीं है? हमने फिर से जवाब मांगा कि बिना पंजीकृत मोबाइल नंबर या ईमेल के आधार कैसे ढूंढा जाए. इसका जो जवाब 12 फरवरी, 2021 को दिया गया, वह काबिले–तारीफ था।

## आज का राशिफल

मेष :– भावना से उद्वेलित मन निकट संबंधों के सुख–दुख के प्रति चिंतित होगा। पूर्वाग्रहवश संबंधियों के प्रति नकारात्मकता को न पालें। भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं मन में नकारात्नक विचार ला सकती हैं।

बृषभ :– भौतिक महत्वकांक्षाएं अभाव का एहसास कराएंगी। परिजनों से कुछ भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती हैं। अच्छी योजनाओ द्वारा महत्वपूर्ण कायरें को समयानुकूल पूर्ण करेंगे।

मिथुन :– भावनाओं पर नियंतण्ररख अपने दायित्वों के प्रति सजग होना प्रगति का सूचक है। बचकाना स्वभाव महत्वपूर्ण क्षेत्रों में एकाग्रता का अभाव पैदा करेगा। शिक्षा–प्रतियोगिता में परिश्रम का लाभ मिलेगा।

कर्क :– महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां अपनी पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगी। कुछ नयी आकांक्षाएं मन पर प्रभावी होंगी। भौतिक–सुख साधन में व्यय संभव। परिजनों से किसी प्रकार की शिकायत पर खुलकर बात करें।

सिंह :– किसी श्रेष्ठजन के प्यार से मन प्रसन्न होगा। किसी की कटु वाणी मन को दुखित कर सकती है। उच्च महत्वकांक्षाएं व्यावसायिक क्षेत्र में अधिक परिश्रम के लिए प्रेरित करेंगी। आलस्य कतई न करें।

कन्या :– नये संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। पारिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा। जीविका क्षेत्र में मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रयत्नशील होगा। रोजगार में व्यस्तता रहेगी किंतु जरूरी कार्य समय से पूर्ण करें।

तुला :– कुछ नयी अभिलाषाएं आपको उत्साहित करेंगी। शासन–सत्ता की दिशा में केंद्रित लोगों को लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। किसी महत्वपूर्ण दायित्व की पूर्ति हेतु समुचित व्यवस्था हेतु मन चिंतित होगा।

वृश्चिक :– किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे। क्षमता से अधिक जिम्मेदारियां अर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रेरित करेंगी। भावनाप्रधान मन रिश्तों से सहज ही प्रभावित हो जाता है।

धनु :– रोजगार क्षेत्र में आपकी महत्वपूर्ण योजनाएं सार्थक होती हुई नजर आएंगी। श्रेष्ठजनों से नजदीकियां पैदा होंगी। व्यावसायिक यात्राएं करनी पड़ सकती हैं। कुछ प्रबल इच्छाएं आपको उद्वेलित करेंगी।

मकर :– सामाजिक गतिविधियों में आपकी क्रियाशीलता बढ़ेगी। अच्छी भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए समय अनुकूल रहेगा।

कुंभ :– पुरानी समस्याओं को हल कर सुख की अनुभूति करेंगे। शासन–सत्ता से जुड़े लोगों को लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। पूजा–पाठ में पूरा दिन मन केंद्रित होगा। नये दायित्वों की पूर्ति होगी।

मीन :– पिता के सहयोग से मुश्किल दिनों में राहत मिलेगी। बालसुलभता व असंयमित शब्दों का प्रयोग संबंधों में कटुता लाएगा।

# सामाजिक समरसता बनी रहे

**आशुतोष चतुर्वेदी**

*हिंदू मुस्लिम, सिख और जैन समुदायों के अधिकतर लोग अंतरजातीय विवाह के पक्ष में नहीं थे और उन सबकी राय थी कि इसे रोका जाना चाहिए.आम जनजीवन में कई समानताओं के बावजूद इस अध्ययन में धार्मिक समूहों के बीच कई विभिन्नताएं बहुत स्पष्ट तौर पर उभर कर सामने आयी हैं. मसलन, लगभग 66 फीसदी हिंदू मानते हैं कि उनका धर्म इस्लाम से एकदम अलग है, तो 64 प्रतिशत मुसलमान भी ऐसा ही मानते हैं. हालांकि दो–तिहाई जैन और लगभग 50 प्रतिशत सिख कहते हैं कि हिंदू धर्म के साथ उनकी बहुत समानताएं हैं. सर्वे में शामिल ज्यादातर हिंदुओं ने कहा कि उनके ज्यादातर दोस्त भी हिंदू हैं.यही स्थिति अन्य धर्मों के लोगों की भी है, पर कम ही लोगों ने कहा कि वे दूसरे धर्मों के लोगों को अपने घरों और गांवों में आने भी नहीं देना चाहते या उनके आने से नाखुश होंगे।*

अमेरिका के जाने–माने थिंक टैंक प्यू रिसर्च सेंटर ने भारत में धर्म, सहिष्णुता और अलगाव विषय पर एक विस्तृत अध्ययन कर एक रिपोर्ट जारी की है. यह रिपोर्ट देश के 17 भाषाओं के बोलनेवाले 30 हजार लोगों से की गयी बातचीत पर आधारित है. यह अध्ययन 2019 से 2020 के बीच किया गया था. इसमें कहा गया है कि भारत में ज्यादातर लोग खुद को और देश को धार्मिक तौर पर सहिष्णु मानते हैं. ज्यादातर लोगों ने कहा कि भारत में वे अपने धर्म का पालन करने के लिए स्वतंत्र हैं. इसमें कहीं कोई समस्या नहीं है. भारतीय लोग इस बात को लेकर भी एकमत थे कि एक–दूसरे के धर्मों का सम्मान बहुत जरूरी है. अधिकतर भारतीयों ने कहा कि उनकी जिंदगी में धर्म का बहुत महत्व है. इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि चाहे शहर हो या गांव, 60 प्रतिशत लोग रोज पूजा–पाठ या प्रार्थना में कुछ वक्त जरूर देते हैं. इससे पता चलता है कि भारतीयों में धर्म के प्रति समर्पण और लगाव है. रिपोर्ट के मुताबिक, अधिकतर लोगों का कहना था कि सभी धर्मों के लोगों के लिए सच्चा भारतीय होना बेहद जरूरी है. 85 फीसदी मुस्लिम मानते हैं कि भारतीय संस्कृति सबसे अच्छी है और 95 फीसदी मुस्लिम लोगों ने कहा कि उन्हें भारतीय होने पर बेहद गर्व है, लेकिन 24 फीसदी मुस्लिमों ने कहा कि उन्हें भारत में भेदभाव का सामना करना पड़ता है, तो 21 फीसदी हिंदू भी मानते हैं कि उन्हें भी भेदभाव का शिकार होना पड़ता है. ज्यादातर भारतीय, चाहे वे किसी भी धर्म के हों, अपनी पहचान जाति से जोड़ते हैं. हर पांच में से एक भारतीय ने कहा कि अनुसूचित जातियों के लोगों के साथ भेदभाव होता है. इस रिपोर्ट में कुछ चौंकाने वाली बातें सामने आयीं हैं लगभग 64 फीसदी भारतीयों ने कहा कि उनके समुदाय की महिलाओं को दूसरी जातियों में शादी करने से रोकना बहुत जरूरी है. हिंदू, मुस्लिम, सिख और जैन समुदायों के अधिकतर लोग अंतरजातीय विवाह के पक्ष में नहीं थे और उन सबकी राय थी कि इसे रोका जाना चाहिए. आम जनजीवन में कई समानताओं के बावजूद इस अध्ययन में धार्मिक समूहों के बीच कई विभिन्नताएं बहुत स्पष्ट तौर पर उभर कर सामने आयी हैं. मसलन, लगभग 66 फीसदी हिंदू मानते हैं कि उनका धर्म इस्लाम से एकदम अलग है, तो 64 प्रतिशत मुसलमान भी ऐसा ही मानते हैं. हालांकि दो–तिहाई जैन और लगभग 50 प्रतिशत सिख कहते हैं कि हिंदू धर्म के साथ उनकी बहुत समानताएं हैं. सर्वे में शामिल ज्यादातर हिंदुओं ने कहा कि उनके ज्यादातर दोस्त भी हिंदू हैं.यही स्थिति अन्य धर्मों के लोगों की भी है, पर कम ही लोगों ने कहा कि वे दूसरे धर्मों के लोगों को अपने घरों और गांवों में आने भी नहीं देना चाहते या उनके आने से नाखुश होंगे. सर्वे में पता चला कि धर्मांतरण से किसी धार्मिक समूह की आबादी पर कोई खास फर्क नहीं पड़ता है. लगभग 82 फीसदी भारतीयों ने कहा कि वे हिंदू पैदा हुए थे और हिंदू ही रहेंगे. अन्य धर्मों के लोगों का भी यही रुख था. इस शोध के अनुसार, 81 फीसदी हिंदू गंगाजल की पवित्रता में आस्था रखते हैं, तो लगभग 33 फीसदी भारतीय ईसाई भी इसमें आस्था रखते हैं. उत्तर भारत में 12 प्रतिशत हिंदू, 10 प्रतिशत सिख और 37 प्रतिशत मुसलमान सूफी और उनके बताये रास्ते पर चलने में यकीन रखते हैं. हिंदुओं की तरह 77 फीसदी मुसलमान भी कर्म–फल के सिद्धांत में यकीन करते हैं. सभी धर्मों के लोगों का मानना था कि बुजुर्गों का सम्मान करना बहुत जरूरी है.भारत अपनी विविधता के लिए जाना जाता है, जहां हर व्यक्ति को अपने धर्म के पालन की स्वतंत्रता है. इस शोध में इस बात की पुष्टि हुई है. इससे यह बात पुष्ट होती है कि विसंगतियों के बावजूद भारत में विविधता को पसंद करनेवालों की संख्या में कमी नहीं आयी है. एक–दूसरे धर्म के बारे में ज्यादा नहीं जानते हुए भी भारतीय इस पर एकमत हैं कि एक–दूसरे के धर्मों का आदर–सम्मान बहुत जरूरी है. यही वह बात है, जो हमें आश्वस्त करती है कि भारत का वसुधैव कुटुंबकम वाला स्वरूप आसानी से नहीं टूटनेवाला है. चिंता की बात यह है कि महिलाओं के बारे में सभी धर्मों का एक ही नजरिया है. प्यू रिसर्च सेंटर की रिपोर्ट के अनुसार, अधिकतर भारतीय मानते हैं कि धार्मिक सहिष्णुता देश की पहचान का अहम हिस्सा है. दरअसल, इस देश में महात्मा गांधी रचे–बसे हैं. उन जैसे लोगों ने ही स्वतंत्र भारत की नींव रखी थी. महात्मा गांधी को अपने हिंदू होने पर गर्व था और वे अत्यंत धर्मनिष्ठ हिंदू थे, पर वे अन्य सभी धर्मों का आदर करते थे. उनका कहना था कि उनकी आस्था सहिष्णुता पर आधारित है. महात्मा गांधी के पास अहिंसा, सत्याग्रह और स्वराज नाम के तीन हथियार थे. सत्याग्रह और अहिंसा के उनके सिद्धांतों ने न केवल भारत, बल्कि पूरी दुनिया के लोगों को अधिकारों और मुक्ति के लिए संघर्ष करने की प्रेरणा दी. यही वजह है कि इतिहास का सबसे बड़ा आंदोलन अहिंसा के आधार पर लड़ा गया. भारतीय लोकतंत्र की भी यह खूबसूरती है कि यह धार्मिक समरसता और विविधता में एकता की मिसाल है. यहां अलग–अलग जाति, धर्म, संस्कृति को माननेवाले लोग सदियों से रहते आये हैं.ऐसी विविधता दुनिया में कहीं देखने को नहीं मिलती. यह भारत की बहुत बड़ी पूंजी है और यह हम सबकी जिम्मेदारी है कि इसे बचा कर रखें. साथ ही, हमें यह बात स्पष्ट होनी चाहिए कि धार्मिक होना और कट्टर होना दो अलग बातें हैं. यह बात भी स्पष्ट है कि देश की आर्थिक, सामाजिक या किसी भी तरह की प्रगति सामाजिक शांति व समरसता के बिना हासिल करना नामुमकिन है. इसलिए यह हम सबके हित में है कि अपने सामाजिक ताने–बाने को हर कीमत पर बनाये रखें.यह सही है कि सरकार मुस्तैद रहे, लेकिन हमें भी अपना दायित्व निभाना होगा. सामाजिक समरसता में खलल डालनेवाले लोग किसी अन्य ग्रह से नहीं आते हैं, वे हमारे–आपके आसपास के ही लोग ही होते हैं. शहर के जागरूक नागरिक अपना कर्तव्य निभाएं और ऐसे लोगों को टोकें. दूसरी महत्वपूर्ण बात है कि सोशल मीडिया, खासकर व्हाट्सएप, अक्सर अफवाहों को हवा देता है. अगर आपका कोई परिचित ऐसा करता नजर आता है, तो उसे टोकें. हमें अपने देश के सामाजिक समरसता को हर कीमत पर बनाये रखना होगा.



# वेतन को लेकर महामहिम का दर्द

**जयशंकर गुप्त**

हाल फिलहाल में आज चर्चा राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद जी की, उनकी आमदनी और बचत को लेकर उनके ताजा बयान की और फिर उत्तराखंड में पिछले छह महीनों के भीतर भाजपा के आलाकमान के द्वारा तीसरी बार मुख्यमंत्री बदले जाने की। सबसे पहले राष्ट्रपति महामहिम कोविंद जी और उनके ताजा बयान की चर्चा। कोविंद जी चार साल पहले इसी जुलाई महीने में देश के 14वें राष्ट्रपति चुने गए थे। इससे पहले वह बिहार के राज्यपाल, राज्य सभा में दो कार्यकाल तक भाजपा के सदस्य भी रह चुके हैं। हम उन गिने–चुने पत्रकारों में हो सकते हैं जिन्होंने एक दलित चेहरे के रूप में श्री कोविंद के राष्ट्रपति बनने की संभावना व्यक्त की थी। संयोगवश हुआ भी वैसा ही था। कोविंद जी अगले साल जुलाई महीने में रिटायर होने वाले हैं। अगला राष्ट्रपति कौन बनेगा! भाजपा और उसे संचालित करने वाले आरएसएस का शिखर नेतृत्व उन्हें एक और कार्यकाल देना चाहेगा या फिर उप राष्ट्रपति वेंकैया नायडू को पदोन्नत कर राष्ट्रपति बनाया जाएगा या कोई तीसरा व्यक्ति रायसीना हिल्स पर बने राष्ट्रपति भवन की शोभा बढ़ाएगा! इस तरह के सवालों के जवाब भविष्य के गर्भ में है। इसके बारे में चर्चा फिर कभी। पिछले दिनों राष्ट्रपति कोविंद जी अपने गृह जनपद कानपुर में अपने गांव–घर गए थे। राष्ट्रपति बनने के बाद संभवतरू पहली बार वह वहां गए थे। उनके कानपुर प्रवास के दौरान लोगों ने बढ़–चढ़ कर उनका स्वागत सत्कार किया। उनके स्वागत सम्मान में तमाम कार्यक्रम आयोजित हुए। कई अवसरों पर महामहिम अतीत को याद कर भावुक भी हो गए। इस दौरान कानपुर में एक दुखद वाकया भी हो गया। राष्ट्रपति के लिए वीवीआईपी ट्रैफिक प्रोटोकोल के कारण रास्ते में एंबुलेंस में फंसी 50 वर्षीय महिला उद्यमी वंदना मिश्र की मौत हो गई थी। इस पर राष्ट्रपति महोदय ने अफसोस भी जाहिर किया था। लेकिन इस वाकये को लेकर यह बहस भी छिड़ी कि वीवीआईपी के लिए ट्रैफिक प्रोटोकॉल का पालन करते हुए भी क्या एंबुलेंस जैसी आपातकालीन सेवा–सुविधाओं को लिए किसी तरह की छूट मिल सकती है। तत्कालीन राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी के बेंगलुरु प्रवास के दौरान ऐसी समस्या सामने आने पर निजलिंगप्पा नाम के एक इंस्पेक्टर ने एंबुलेंस के लिए रास्ता खोल दिया था और मरीज की जान बच गई थी। इसके लिए उसकी बहुत सराहना भी हुई थी। लेकिन वह एक निजी पहल थी। इस तरह की कोई आधिकारिक व्यवस्था अभी इस देश में नहीं है। इस पर विचार करने की आवश्यकता है। कानपुर में महामहिम के स्वागत सम्मान में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने बताया कि उन्हें राष्ट्रपति के रूप में हर महीने पांच लाख रुपये का जो वेतन मिलता है, उसमें से पौने तीन लाख रुपये टैक्स कट जाता है और बचते हैं केवल सवा दो लाख रुपए उन्होंने यह भी कहा कि इससे अधिक तो सरकारी अधिकारी और वहां मौजूद शिक्षक–शिक्षिकाओं को मिलता है। यह बात उन्होंने संभवतरू लोगों को बढ़–चढ़ कर करों के भुगतान के लिए प्रेरित करने के इरादे से कही होगी। लेकिन उनका यह बयान वायरल होते ही सोशल मीडिया पर बहस छिड़ गई कि क्या महामहिम को इतना कम वेतन मिलता है, या बचता है कि इसकी चर्चा उन्हें सार्वजनिक मंच से करनी पड़े! एक सवाल उनके वेतन पर लगने वाले कर के स्लैब को लेकर भी उठा। और यह भी कि ऐसा कौन सा अधिकारी, शिक्षक–शिक्षिका है जिसे इतना अधिक वेतन मिलता है कि कर लगने के बाद उसकी प्रति माह बचत सवा दो लाख के आसपास होती है। राष्ट्रपति हमारे देश का सर्वोच्च संवैधानिक पद होता है और इस पद पर बैठे व्यक्ति को किसी भी सरकारी लोकसेवक अथवा अधिकारी के मुकाबले अधिक या कहें सर्वाधिक वेतन मिलता है। देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद को केवल दस हजार रुपए वेतन और 15 हजार रुपए के भत्ते मिलते थे। 1985 में राष्ट्रपति के वेतन–भत्ते को बढ़ाकर 15 हजार और 30 हजार रुपए कर दिया गया। 1989 में उनका वेतन 20 हजार हो गया, भत्ते अलग से। 1998 में एक बार फिर राष्ट्रपति के वेतन में वृद्धि कर 50 हजार रुपए तथा भत्ते अलग से कर दिया गया। 2008 में एक बार फिर बढ़ोतरी कर राष्ट्रपति का वेतन डेढ़ लाख रुपए कर दिया गया जबकि उन्हें भत्ते अलग से मिलते थे। 2017 राष्ट्रपति के वेतन–भत्ते में बदलाव कर इसे पांच लाख रुपए कर दिया गया। इसके अलावा उन्हें तमाम तरह के भत्ते अलग से मिलने की बात कही गई। सुविधाओं के नाम पर राष्ट्रपति को सपरिवार विश्व के विशालतम कहे जाने वाले राष्ट्रपति भवन में मुफ्त निवास, चलने के निए बेशकीमती बुलेट प्रूफ मर्सिडीज कार। जल, थल और नभ में अति विशिष्ट श्रेणी में मुफ्त यात्रा सुविधा, मुफ्त टेलीफोन, इंटरनेट के साथ ही आजीवन मुफ्त चिकित्सा और दवा की सुविधा प्रदान की जाती है। राष्ट्रपति भवन के सूत्रों के अनुसार खान–पान से लेकर तमाम मामलों में राष्ट्रपति भवन पूरी तरह से आत्मनिर्भर है। उनकी यात्राओं के लिए अलग से सज्जित विमान की व्यवस्था है। इस हिसाब से देखें तो दैनंदिन के मामलों में राष्ट्रपति को अपनी जेब से कुछ खास खर्च नहीं करना पड़ता है। राष्ट्रपति के वेतन पर आयकर लगता है कि नहीं और लगता है तो किस स्लैब में। आम धारणा है कि राष्ट्रपति का वेतन आयकर के दायरे से मुक्त होता है। इसको लेकर अलग–अलग तरह की राय है। लेकिन हम मानकर चलते हैं और शायद यही सच भी है कि उनके वेतन पर आयकर लगता है। शायद इसीलिए पहले इस तरह के पदों पर बैठे लोगों को मूल वेतन कम और भत्ते ज्यादा मिलते थे ताकि उन पर आयकर का बोझ कम पड़े। लेकिन आयकर का अधिकतम स्लैब तो 30 फीसदी ही है जो सबके लिए लागू है। फिर महामहिम कोविंद जी के पांच लाख रुपए के प्रति माह वेतन से पौने तीन लाख रुपए कर किस हिसाब से कट जाता है। और फिर भारत में वह कौन सा अधिकारी और शिक्षक है जिसे आयकर भुगतान के बाद राष्ट्रपति महोदय से अधिक वेतन मिल पाता है। दरअसल, देश में कोरोना का कहर बढ़ने के बाद उससे युद्ध के नाम पर सरकार में उच्च और सर्वोच्च पदों पर बैठे लोगों के वेतन में से 30 फीसदी कटौती का फैसला हुआ था जो महामहिम पर भी लागू हुआ था। इस हिसाब से उन्हें प्रति माह डेढ़ लाख रुपए कम मिल रहे होंगे और उसके बाद मिलने वाले 3.5 लाख रुपए के वेतन पर कर भी लगते होंगे। इन दोनों कटौतियों को मिला दें तो वाकई उनके वेतन से करीब पौने तीन लाख रुपए कट जाते होंगे। लेकिन कोरोना से युद्ध के नाम पर हो रही अस्थायी कटौती कर का हिस्सा नहीं है। उसे भी महामहिम ने शायद कर मान लिया! उत्तराखंड में नेतृत्व परिवर्तन–अब चर्चा पिछले चार महीनों में दूसरी बार भाजपा शासित उत्तराखंड में नेतृत्व परिवर्तन की। सवा चार साल पहले उत्तराखंड में भारी बहुमत से चुनकर सत्तारूढ़ हुई भाजपा को विधानसभा चुनाव से कुछ ही महीने पहले एक बार फिर अपना मुख्यमंत्री बदलना पड़ा। चार महीने पहले ही त्रिवेंद्र सिंह रावत की जगह भाजपा के सांसद तीरथ सिंह रावत को मुख्यमंत्री बनाया गया था। त्रिवेंद्र की तरह ही तीरथ सिह भी आरएसएस के प्रचारक रह चुके थे। उन्हें यह सोच कर मुख्यमंत्री बनाया गया था कि 2022 के उत्तराखंड विधानसभा चुनाव में वह भाजपा की नाव पार लगा सकेंगे। लेकिन पिछले चार महीनों में वह एक कुशल प्रशासक और जननेता की छवि नहीं बना सके। और फिर मुख्यमंत्री बनने के बाद से ही उनके विवादित बोल भाजपा आलाकमान के लिए मुसीबत का सबब बनने लगे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशस्ति में यहां तक कह दिया कि भगवान राम और कृष्ण की तरह आगे चलकर मोदी जी की पूजा होगी। इसके दो दिन बाद ही उन्होंने महिलाओं के पहनावे पर बहस छेड़ दी। अपनी विमान यात्रा का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि उनके बगल में बच्चों के साथ बैठी महिला फटी जींस पहने हुए थी। उसके पति जवाहरलाल नेहरु विश्वविद्यालय में पढ़ाते हैं। और वह खुद एनजीओ चलाती है। यह महिला समाज में कैसी संस्कृति फैला रही हो! इसको लेकर भी उनकी काफी थुक्का फजीहत हुई थी। इसके बाद उन्होंने ज्यादा बच्चे पैदा करने की वकालत कर दी।

# कमाई में किसी से कम नहीं वाणी कपूर



बॉलीवुड की खूबसूरत अदाकारा वाणी कपूर को भला कौन नहीं जानता है. अपनी एक्टिंग के साथ साथ वाणी ग्लैमरस अदाओं के लिए भी जानी जाती हैं. वाणी कपूर ने मॉडलिंग में अपनी एक खास पहचान बनाने के बाद बॉलीवुड में एंट्री की थी. तमाम परेशानियों के बाद आज वाणी एक खास मुकाम पर पहुंची हैं. वाणी आज करोड़ों में खेलती हैं. वाणी ने अपने करियर की शुरुआत दिवंगत एक्टर सुशांत सिंह राजपूत के साथ की थी. वाणी सुशांत के साथ 2013 में आई फिल्म शुद्ध देसी रोमांस में नजर आई थीं. इस फिल्म के बाद से एक्ट्रेस धीरे धीरे करियर में आगे बढ़ रही हैं. अब सिर्फ खूबसूरती ही नहीं बल्कि पैसों के मामले में भी किसी से कम नहीं वाणी कपूर. वाणी अपनी हर एक फिल्म के लिए लाखों रूपये चार्ज करती हैं. खबरों की मानें तो एक्ट्रेस वाणी कपूर की कुल संपत्ति 2020 में 9 करोड़ रुपये के आस पास थी. जबकि नेटवर्थ्सपीडिया के मुताबिक उनकी नेटवर्थ 75 मिलियन रुपए से 374 मिलियन रुपए के बीच है. यानि की कमाई में वाणी किसी भी बड़ी एक्ट्रेस से अब कम नही हैं. वाणी की कमाई के अलग अलग सोर्स हैं. एक्ट्रेस फिल्मों के अलावा मॉडलिंग, विज्ञापन , फोटोशूट आदि से तगड़ी कमाई करती हैं. इस सोर्स से भी कमाई में वाणी बाकी एक्ट्रेस से कम नहीं हैं. आपको बता दें कि वाणी कपूर दिल्ली की रहने वाली हैं. उन्होंने यहां आलीशान घर खरीदा है. इसके अलावा एक्ट्रेस का मुंबई में भी घर है. मीडिया की खबरों की मानें तो वह कई देशों में अलग–अलग संपत्तियों के मालिक भी हैं. हालांकि इनकी कोई पुष्टि नहीं है. वाणी कपूर की कार का कलेक्शन काफी आम है. वाणी के पास ऑडी जैसी कई कार हैं. वाणी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अक्सर अपनी बोल्ड फोटोज से फैंस के बीच सनसनी मचाए रहती हैं. एक्ट्रेस जल्द ही अक्षय कुमार के साथ पर्दे पर नजर आने वाली हैं. एक्ट्रेस अक्षय की आगामी फिल्म बेलबॉटम में दिखाई देंगी. वाणी को फैंस ने आखिरी बार 2019 में ऋतिक रोशन–टाइगर श्रॉफ की श्वॉर फिल्म में देखा था. वाणी का फिल्म में खास रोल था जो फैंस को काफी पसंद आया था. हालांकि वाणी अभी भी एक शानदार फिल्म का इंतजार कर रही हैं, जिससे वह फैंस के बीच अपनी एक्टिंग को साबित कर पाएं.

# 'जन्नत' एक्ट्रेस सोनल चौहान ने पिंक बिकिनी में बिखेरा जलवा



एक्टर इमरान हाशमी की फिल्म श्जन्नतश से डेब्यू करने वाली सोनल चौहान आज भले ही बॉलीवुड दूर हैं। लेकिन वह भी औरों की तरह सोशल मीडिया पर अपनी मदहोश कर देने वाली अदा को लेकर खबरों में बनी रहती हैं। इस बार फिर वह अपनी बिकिनी फोटो को लेकर खबरों में हैं।

# अनुष्का शेट्टी ने दिया जिंदगी को खुशी से जीने का मंत्र

अनुष्का शेट्टी इन दिनों कू ऐप पर लगातार एक्टिव हैं. वो रोजाना कुछ न कुछ पोस्ट डालकर अपने फैंस को संदेश देती रहती हैं.  लोगों को एक दूसरे से कनेक्ट करने की जरूरत के बारे में बता रही हैं ताकि लोगों को ऐसा फील न हो कि वो जिंदगी में अकेले हैं. लोगों से दिल की बातें न करने की वजह से कई बार देखा गया है कि लोग आत्महत्या जैसे बड़े कदम उठा लेते हैं. अनुष्का वे अपने पोस्ट में उन्होंने खुलकर कनेक्ट करने और आपस में बातें करने की जरूरत पर जोर दिया है. लोगों को मोटिवेट किया है दुनिया में अच्छाई भी है वो हमेशा उस पर ध्यान दिया करें. कैसा भी बुरा वक्त रहा हो लेकिन आपको हमेशा नई शुरूआत के बारे में सोचना चाहिए. बातें करें, हंसें और पूरी तरह खुश रहकर जिंदगी जिएं. साउथ की सुपरस्टार एक्ट्रेस अनुष्का शेट्टी किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं. उन्होंने अपने लाजवाब अभिनय और गजब की अदाओं से लोगों के दिलों पर राज किया है. अनुष्का ने कई सुपरहिट फिल्मों में काम किया है जिसके दम पर वो इंडस्ट्री की सबसे चर्चित अभिनेत्रियों में से एक बन गई हैं. अनुष्का को भारत में सबसे ज्यादा फेम मिला एस एस राजामौली और प्रभास की फिल्म श्बाहुबलीय से. फिल्म में एक्ट्रेस ने श्देवसेनाय का किरदार निभाया था. उनके रोल को काफी पसंद किया गया था. अनुष्का ने श्बाहुबलीय फिल्म के पहले भाग में ज्यादा स्क्रीन स्पेस शेयर नहीं किया मगर फिल्म के दूसरे भाग में उनका प्रमुख रोल था. अनुष्का अपने लुक के लिए हमेशा चर्चा में रहती हैं. उनकी ग्लैमरस और बोल्ड फोटोज काफी वायरल होती रहती हैं. हाल ही में एक्ट्रेस की एक लेटेस्ट फोटो अपने दोस्तों के साथ खूब कू पर खूब वायरल हो रही है. ये फोटो एक्ट्रेस की लॉकडाउन के दौरान की रीसेंट फोटो है जिसमें वो अपने दोस्तों के के साथ काफी अलग लग रही है और मस्ती के मूड में नजर आ रही इस फोटो में बेहद खूबसूरत लग रही हैं. फोटो में उनकी स्माइल भी बहुत प्यारी लग रही है. कू पर कई यूजर्स ने अनुष्का की इस फोटो को पोस्ट किया है. इस फोटो के साथ उन्होंने लिखा है जिघ्न्दगी में किसी भी मोड़ पर हमारे रस्ते चाहे कितने भी लग क्यों न हो जाएँ पर हमारा साथ एक दुसरे के साथ हमेशा अटूट है और रहेगा इस फोटो को अनुष्का ने अपने कू हैंडल से शेयर किया था. इस फोटो के शेयर होने के बाद एक फैन ने उनके सारी तस्वीरों के स्केचेस बनाके उनसे शेयर किये और साथ में कई ऐसे फेन्स है जो उनसे उनकी अगली आने वाली मूवी के बारे में भी पूछ रहे है. कंगना के बाद अनुष्का एक ऐसी बड़ी एक्ट्रेस जिन्हें कू पर काफी पसंद किआ जा रहा है. एक ही हफ्ते में उन्होने 25000 से ज्यादा फॉलोवर्स जुटा लिए हैं.



# सिर्फ व्हाइट शर्ट पहने तारा सुतारिया ने दिखाया अपना बोल्ड अवतार



बॉलीवुड एक्ट्रेस तारा सुतारिया सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं. वह आए दिन अपनी ग्लैमरस तस्वीरें शेयर करके फैंस का दिल जीत लेती हैं. उनकी तस्वीरें पोस्ट होते ही वायरल हो जाती हैं. आज तारा ने अपनी बोल्ड तस्वीर शेयर की है जो पोस्ट होते ही वायरल हो गई है. फोटो में तारा ने सिर्फ व्हाइट शर्ट पहनी हुई है. तारा ने लेटेस्ट फोटोशूट डब्बू रतनानी के कैलेंडर के लिए करवाया है. इस बोल्ड तस्वीर में तारा ने सिर्फ व्हाइट कलर की शर्ट पहनी है. साथ ही नी लेंथ टैन बूट्स पहने हैं. तारा की इस तस्वीर से उनके फैंस की नजरें नहीं हट रही हैं. तारा की इस तस्वीर को 2 लाख से ज्यादा लोग लाइक कर चुके हैं. उनके फैंस ढेर सारे कमेंट कर रहे हैं. एक फैन ने लिखा– बहुत सुंदर. वहीं दूसरे फैन ने लिखा– माइ गर्ल इज ऑन फायर. आपको बता दें तारा से पहले टाइगर श्रॉफ, आलिया भट्ट, विक्की कौशल, विद्या बालन, अभिषेक बच्चन, कियारा आडवाणी, सनी लियोनी सहित कई सेलेब्स इस साल डब्बू रतनानी के कैलेंडर शूट का हिस्सा बने हैं. सभी सेलेब्स ने सोशल मीडिया पर अपनी तस्वीरें शेयर की थी जो पोस्ट होते ही वायरल हो गई थीं. तारा सोशल मीडिया पर अपने फैंस के लिए ग्लैमरस के साथ देसी अवतार में भी दिखाती रहती हैं. हाल ही में तारा ने लहंगे में फोटोशूट करवाया था. जो सोशल मीडिया पर वायरल हो गई थी. तारा सुतारिया ने फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 से बॉलीवुड में कदम रखा था. इस फिल्म में उनके साथ अनन्या पांडे और टाइगर श्रॉफ लीड रोल में नजर आए थे. इसके बाद तारा फिल्म मरजावां में सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ नजर आई थी. उसके बाद से तारा किसी फिल्म में नजर नहीं आई हैं. उनकी फिल्म तड़प आने वाली है. इस फिल्म में तारा के साथ सुनील शेट्टी के बेटे अहान शेट्टी नजर आने वाले हैं. इसके अलावा तारा टाइगर श्रॉफ के साथ दोबारा हीरोपंती 2 में काम करने वाली हैं.



## गर्मियों में आपको एकदम फ्रेश रखेगी मसाला नींबू शिकंजी

गर्मी से राहत पाने के लिए हर किसी का मन कुछ ठंडा पीने का करता है। वहीं भारतीय लोग खासतौर पर नींबू पानी पीना पसंद करते हैं। ऐसे में आज हम आपके लिए खास मसाला नींबू शिकंजी की रेसिपी लेकर आए है। इसे पीने से आपका टेस्ट और मूड एकदम फ्रेश हो जाएगा। चलिए ज2ानते हैं इसे बनाने की रेसिपी...

सामग्री

नींबू का रस–1 बड़ा चम्मच

धनिया पाउडर–1/2 छोटा चम्मच

चीनी पाउडर– स्वाद अनुसार

चाट मसाला–1/2 छोटा चम्मच

काली मिर्च पाउडर–1/2 छोटा चम्मच

जीरा पाउडर– 1/2 छोटा चम्मच (भूना हुआ)

सोडा वाटर– 1 कप

आइस क्यूब–2

पानी– 2 गिलास

विधि

. एक बाउल में सभी मसाले मिलाएं।

. अब इसमें पानी और सोडा वाटर डालकर मिलाएं।

. आप इन्हें मिक्सर में डालकर भी मिला सकती है।

. अब इसमें आइस क्यूब और नींबू का रस मिलाकर गिलास में भरें। द

. ऊपर से चाट मसाला छिड़क कर नींबू स्लाइस से गार्निश करके सर्व करें।



## दुबलेपन से है परेशान तो बनाकर पीएं ये प्रोटीन शेक

जहां लोग मोटापे से परेशान है तो वहीं कई लोगों के लिए दुबलापन किसी समस्या से कम नहीं है। ऐसे में अगर आपका वजन भी काफी कम है तो आप डेली डाइट में हाई कैलोरी से भरपूर शेक और स्मूदीज पी सकती है। चलिए आज हम आपको 2 खास शेक और स्मूदी की रेसिपी बताते हैं, जिसका आप किसी भी समय सेवन कर सकती है। चलिए जानते हैं इसे बनाने का तरीका...

1. आलमंड बटर और डार्क चॉकलेट स्मूदी

सामग्री

दूध– 2 कप

डार्क चॉकलेट– 1

प्रोटीन– 1 बड़ा चम्मच

आलमंड बटर– 2 बड़े चम्मच

गार्निश के लिए

डार्क चॉकलेट– जरूरत अनुसार (कद्दूकस की)

विधि

. सभी सामग्री को ब्लेंडर की मदद से ब्लेंड करें।

. तैयार शेक को गिलास में भरकर डार्क चॉकलेट से गार्निश करके सर्व करें।

यह शेक कैलोरी, प्रोटीन, कार्ब्स और फैट आदि तत्वों से भरपूर है। इसे आप नाश्ते या लंच में पी सकती है।

2. बनाना और स्ट्रॉबेरी शेक

सामग्री

दूध– 2 कप

केला– 1

स्ट्रॉबेरी– 4–5

फुल क्रीम– 1/2 कप

शहद– स्वाद अनुसार

विधि

. सभी सामग्री को ब्लेंडर में ब्लेंड करें।

. तैयार शेक गिलास में भरकर ठंडा–ठंडा सर्व करें।

यह खट्टा–मीठा शेक आप सुबह या शाम को नाश्ते में पी सकती है। इससे आपको सही वजन मिलेगा।

## गलत जगह पर लगाया आईना बीमार और कंगाल कर देता है, लगाने से पहले सोच लें





वास्तुशास्त्र में आईना काफी महत्वपूर्ण माना जाता है। प्राचीन कथाओं के अनुसार, जब आईना टूटता है तो वह आस–पास की नेगेटिव एनर्जी को अब्जॉर्ब कर लेता है। ऐसे में अगर टूटा आईना घर पर ही पड़ा रहे तो साल तक दुर्भाग्य आपके साथ जुड़ जाता है। इसलिए टूटे कांच को घर से निकालने के लिए कहा जाता है। यही नहीं, वास्तु के अनुसार, आईना का साइज और दिशा का खास ख्याल रखना चाहिए।

चलिए आज हम आपको शीशे से जुड़े कुछ ऐसे वास्तु टिप्स बताते हैं जो हर किसी के लिए जानना जरूरी है।

आईना लगाने का सही तरीका

आईना इस करह लगाना चाहिए कि देखने वाले को पूर्व या उत्तर दिशा में चेहरा दिखे इसलिए इसे पूर्व या उत्तर दीवार पर लगाना सही रहता है।

तिजोरी में ना रखें आईना

घर की तिजोरी या अलमारी में एक छोटा–सा आईना जरूर रखना चाहिए। माना जाता है कि इससे धन में वृद्धि होती है।

मेनगेट पर ना लगाएं आईना

मेनगेट पर आईना लगाने से बचें क्योंकि इससे घर में नेगेटिव एनर्जी प्रवेश कर सकती है। इसके अलावा आईना आमने–सामने भी नहीं लगा होना चाहिए।

बेडरुम में आईना ना रखें

शादीशुदा जोड़े को बेडरुम में शीशा नहीं लगाना चाहिए। अगर बेडरूम में आईना रखना पड़ भी रहा है तो ध्यान दें कि उसमें बैड का अक्स ना दिखें। आप चाहे तो आईने को किसी पर्दे से ढक भी रख सकते हैं। नहीं तो पति–पत्नी में मनमुटाव बढ़ सकता है।

इन जगहों पर ना लगवाएं आईना



बाथरूम में कभी भी अंधेरी जगह पर शीशा नहीं लगाना चाहिए। इसके अलावा, बच्चों के कमरे में पश्चिम दीवार या स्टडी रूम, किचन में भी कभी शीशा नहीं लगाना चाहिए।

इस तरह के आईने लगवाएं

वास्तु शास्त्र के अनुसार, घर के लिए चौकोर और आयताकार दर्पण शुभ होते हैं। इसके अलावा टूटे आईनें को तुरंत निकाल दें। घर में नुकीले या तेजधार वाले आईनें भी लगाने चाहिए।

## कबाब खाने के है शौकीन तो आज ट्राई करें देसी कबाब



दही पोषक तत्व व एंटी–ऑक्सीडेंट्स गुणों से भरपूर होता है। इसके सेवन से पाचन दुरुस्त रहने के साथ बेहतर शारीरिक व मानसिक विकास करने में मदद मिलती है। मगर इसे ऐसे खाने की जगह पर आज हम आपके लिए दही कबाब की रेसिपी लेकर आए है। इस आप सुबह या शाम को नाश्ते में खा सकती है। चलिए जानते हैं इसे बनाने की रेसिपी...

सामग्री

दही–1/2 कप

पनीर–100 ग्राम

बेसन–2 बड़े चम्मच

प्याज–1 (बारीक कटा)

हरी मिर्च–2 (बारीक कटी)

नमक–स्वाद अनुसार

काली मिर्च पाउडर–1/2 छोटा चम्मच

अदरक पेस्ट–1/2 छोटा चम्मच

ब्रेड क्रंम्बस–2 बड़े चम्मच

चीज–2 बड़े चम्मच (कसा हुआ)

तेल–जरूरत अनुसार

विधि

– सबसे पहले दही का पानी निकालने के लिए इसे सूती कपड़े में बांध कर रखें।

– एक बाउल में बेसन, पनीर व अन्य मसाले डालकर मिलाएं।

– अब इसमें चीज और दही मिलाएं।

– अलग पैन में तेल गर्म करें।

– तैयार मिक्सचर को कबाब का आकार दें।

– अब इसपर ब्रेड क्रम्बस लगा कर तलछ लें।

– लीजिए आपके दही कबाब बनकर तैयार है।

– इसे पुदीना चटनी व टोमैटो सॉस के साथ सर्व करें।



## कोविड से ठीक होने के बाद आपको जिम क्यों नहीं जाना चाहिए ?

कोरोना वायरस से अब तक देश में करोड़ों लोग संक्रमित हो चुके हैं हालांकि काफी लोग इस वायरस से ठीक भी हो चुके हैं लेकिन वहीं हजारों लोग अपनी जान भी गवां चुके हैं। कोरोना से ठीक होने के बाद भी लोगो में श्लांग कोविडश बीमारी देखी जा रही हैं जिसके लिए डॉक्टर और विशेषज्ञ उन्हें एहतियात बरतने के लिए कह रहे हैं।

ऐसे में कोविड से ठीक हो चुके लोग अपनी हैल्थ की तरफ ज्यादा ध्यान दे रहे हैं, कई लोगों ने तो कोविड से ठीक होते ही जिम और एक्सरसाइज करना भी शुरू कर दिया है। लेकिन इसे लेकर एक अहम जानकारी सामने आई हैं।

अस्पताल से छुट्टी मिलने वाले कोविड –19 रोगियों में पूर्ण रूप से रिकवरी नहीं हो पाती, जिससे यह रोग न केवल फेफड़े बल्कि आंखों, पाचन और अंतःस्रावी तंत्र रक्त वाहिकाओं और मस्तिष्क को भी प्रभावित करता है। जिससे मरीजों को थकान, नींद की समस्या, गंध या स्वाद की कमी के कारण भूख न लगना जैसी शिकायत हो सकती है।

जबकि इनमें से अधिकांश लक्षण 4–6 सप्ताह के भीतर दूर हो जाते हैं, डॉक्टरों का कहना है कि इस बीमारी के दौरान रक्त वाहिकाओं में स्ट्रोक, दिल के दौरे और जानलेवा थक्कों से पीड़ित लोगों की संख्या में वृद्धि हुई है।

कोविड मरीजों का रनिंग या साइकिल करना हो सकता है खतरनाक–

संक्रामक रोग विशेषज्ञ डॉ सुब्रमण्यम स्वामीनाथन ने कहा कि कभी–कभी मरीजों द्वारा रनिंग या साइकिल करने पर उन्हें फिर से इमरजेंसी रूम में लाना पड़ा है, ऐसे में हमने कई स्वस्थ युवा रोगियों में हृदय की मांसपेशियों में सूजन और ठीक होने के बाद अनियमित धड़कनों का तेज होने की शिकायत देखी है।

अंतरराष्ट्रीय दिशानिर्देशों और शोध के आधार पर, खेल चिकित्सा विशेषज्ञ और फिजियोथेरेपिस्ट ठीक होने के बाद व्यायाम के लिए कुछ बुनियादी सिफारिशें करते हैं।

–यदि आप अभी भी बीमार हैं तो व्यायाम न करें

–बुखार, सीने में दर्द, सांस फूलना और थकान जैसे सक्रिय लक्षणों वाले लोगों को व्यायाम नहीं करना चाहिए।

–जब आप व्यायाम करते हैं, तो शरीर का मुख्य तापमान, हृदय गति और श्वसन प्रयास बढ़ जाते हैं। और अगर आपको पहले से ही बुखार है, तो यह आपको बीमार कर सकता है।

वरिष्ठ खेल चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ मधु थोट्टापिलिल जो चेन्नई सुपर किंग्स के टीम डॉक्टर भी हैं उनका कहना है कि सामान्य सलाह है कि व्यायाम शुरू करने से पहले बिना किसी लक्षण के कम से कम 30 दिनों तक प्रतीक्षा करें।

पांच दिन में आप 30 मिनट की वॉकिंग–

डॉ थोट्टापिलिल ने कहा कि यदि आप ठीक महसूस कर रहे हैं और आपके डॉक्टर अनुमति देते है, तो आप एक्टिविटी कर सकते हैं। फिजियोथेरेपिस्ट कहते हैं कि कम और अक्सर करना अच्छा होता है। इसके लिए आप प्रतिदिन 10–15 मिनट पैदल सैर कर सकते हैं। उन्होंने मरीजों को सलाह दी है कि आपका सप्ताह के पांच दिन में आप 30 मिनट की वॉकिंग कर सकते हैं।

# मुस्लिम पंचायत सदस्यों के वोट से जीती बीजेपी

## 5 जिलों में 26 मुस्लिम जिला पंचायत सदस्यों ने बनवाए बीजेपी के जिला पंचायत अध्यक्ष, बोले– विकास के लिए इनको वोट दिया




लखनऊ। यूपी में जिला पंचायत अध्यक्ष चुनावों में बीजेपी ने 67 सीटों के साथ बड़ी जीत हासिल की है, जबकि सपा को 5 सीटें ही मिली हैं। हालांकि, अब कई जिलों से यह पता चला है कि बीजेपी को जिला पंचायत अध्यक्ष चुनने में मुस्लिम पंचायत सदस्यों ने भी मदद की है। ऐसा एक नहीं कई जिलों में हुआ है। जहां विकास के नाम पर बीजेपी का समर्थन मुस्लिम सदस्यों ने किया है। इसमें समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, आजाद समाज पार्टी और निर्दलीय मुस्लिम पंचायत सदस्य शामिल हैं। बिजनौररू 10 मुस्लिम पंचायत सदस्यों ने किया बीजेपी को सपोर्ट बिजनौर में बीजेपी के साकेंद्र प्रताप सिंह जिला पंचायत अध्यक्ष की कुर्सी पर काबिज हुए हैं। जिले में कुल 56 पंचायत सदस्य हैं। इसके बावजूद केवल 55 वोट ही पड़े। बीजेपी प्रत्याशी साकेंद्र प्रताप सिंह 30 वोट पाकर विजयी हुई। बिजनौर की सियासत से मिली जानकारी के अनुसार बीजेपी को जिताने के लिए 10 मुस्लिम पंचायत सदस्यों ने मदद की है। इन 10 मुस्लिम पंचायत सदस्यों ने बीजेपी को वोट देकर जिताया है। बताया जा रहा है कि इन 10 सदस्यों में बसपा, आजाद समाज पार्टी, कांग्रेस के साथ–साथ कुछ निर्दलीय पंचायत सदस्य भी शामिल हैं। बहरहाल, बिजनौर के नूरपुर क्षेत्र से पंचायत सदस्य हिना परवीन के पति सनव्वर का कहना है कि हमारे बीजेपी प्रत्याशी साकेन्द्र से पहले से संबंध हैं। इसलिए हम उनके साथ आए हैं। साथ ही क्षेत्र के विकास के लिए हमने उन्हें वोट किया है। क्योंकि हम लोगों से विकास का वादा करके चुनाव जीते थे। ऐसे में हम हारते हुए को वोट करते तो क्षेत्र में विकास नही कर पाते। फतेहपुररू निर्दलीय मुस्लिम पंचायत सदस्यों ने बीजेपी को किया वोट फतेहपुर में भी कुछ ऐसा ही मामला सामने आया है। 46 सीट पर 3 मुस्लिम सदस्य चुन कर आए थे। जिसमें एक भाजपा का मुस्लिम पंचायत सदस्य था। जबकि 2 निर्दलीय मुस्लिम पंचायत सदस्य थे। इन्होंने बीजेपी को ही वोट किया है। यहां बीजेपी के अभय प्रताप सिंह जीते हैं। यही नहीं, सपा के 9 सदस्य होने के बावजूद पार्टी कैंडिडेट को 5 वोट ही मिले हैं। ऐसे में यह साफ है कि यहां मुस्लिम पंचायत सदस्य का सपोर्ट मिला है। सम्भलरू बसपा के मुस्लिम सदस्यों का साथ मिला बीजेपी को सम्भल में में भी बीजेपी को मुस्लिम सदस्यों का साथ मिला है। यहां से भाजपा की अनामिका यादव जीती हैं। यहां 9 मुस्लिम पंचायत सदस्य हैं जिनमे से 4 बसपा के, 5 निर्दलीय हैं। इन सभी ने बीजेपी की अनामिका को वोट किया है। अनामिका को 35 में कुल 22 वोट मिले हैं। उन्नावरू सपा के मुस्लिम पंचायत सदस्यों ने बीजेपी को दिया वोट उन्नाव में दो मुस्लिम पंचायत सदस्य दीवा सफवी, नमीमुन निशां और दो पुरुष फरान सफवी, मोहम्मद शकील हैं। यह चारों समाजवादी पार्टी से सम्बन्ध रखते हैं। उन्नाव में बीजेपी दो फाड़ थी। सूत्रों के मुताबिक, इनमे से दो ने बीजेपी को और दो ने बीजेपी के बागी अरुण सिंह को वोट दिया है। बस्तीरू चुनाव में दलीय और जातीय वर्जनाएं टूटी 43 सदस्यों वाले जिला पंचायत अध्यक्ष की सीट पर बीजेपी प्रत्याशी संजय चौधरी के पक्ष में 39 सदस्यों ने मतदान किया। जबकि सपा प्रत्याशी वीरेन्द्र चौधरी को मात्र चार मत मिले। वह भी तब जब सपा द्वारा घोषित उम्मीदवारों में से पांच ने जीत दर्ज की थी। भीम आर्मी के खुर्शीद सहित पांच मुस्लिम उम्मीदवारों ने भी जीत दर्ज की थी। कांग्रेस के एक, बीजेपी के दो, बसपा के छह प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की थी। बावजूद इसके बीजेपी की आंधी में सभी समीकरण ढह गए। परिणाम आने के बाद यह सवाल किया जा रहा है कि आखिर वे जीते हुए सदस्य कहां गए। कयास लगाया जा रहा है कि मुस्लिम सदस्यों ने भी बीजेपी का साथ दिया है।

## पंचायत चुनाव हार के कारणों पता लगाने में जुटी सपा, सात जुलाई तक मांगी रिपोर्ट

लखनऊ, (यूएनएस)। समाजवादी पार्टी (सपा) पंचायत चुनाव में मिली हार के बाद उसकी समीक्षा में जुट गयी है। हार के कारणों का पता लगाने के लिए सपा मुखिया अखिलेश यादव ने वरिष्ठ नेताओं के साथ मंथन किया है। साथ ही सभी वर्तमानम जिलाध्यक्ष, महानगर अध्यक्ष व महासचिवों से सात जुलाई तक रिपोर्ट मांगी है।इस संदर्भ में समाजवादी पार्टी ने एक पत्र जारी किया है। जिसमें जिला अध्यक्ष, महानगर अध्यक्ष और जिला महासचिवों से कहा गया है कि जिला पंचायत अध्यक्ष चुनाव में किस वजह से उम्मीदवार की हार हुई, इस पर सात जुलाई तक रिपोर्ट अनिवार्य रूप से प्रदेश कार्यालय में जमा करवाएं। सत्ता का सेमीफाइनल माने जा रहे इस चुनाव में सपा को निराशाजनक सीटें मिली है। इसपर शीर्ष नेतृत्व नाराज है। रिपोर्ट मिलने के बाद दगाबाजी करने वालों पर कार्रवाई होनी की संभावना है। दूसरी तरफ संगठन को नए सिरे से सक्रिय करने की भी रणनीति बनाई गयी है। सूत्र बताते हैं कि पार्टी ने आधे ज्यादा सीटों पर अपनी जीत तय मान रखी थी। लेकिन जिला स्तर से प्रबंधन फेल होने के कारण उन्हें महज पांच सीटों पर ही संतोष करना पड़ा है।सपा के सूत्र बताते हैं कि 2022 के चुनाव से पहले संगठन की ओरवरहालिंग किए जाने की संभावना बन रही है। सक्रिय और टिकाऊ लोगों को जिम्मेदारी देने की योजना पर भी काम हो रहा है।

## सपा कार्यकर्ताओं द्वारा गालीगलौज, अखिलेश से कार्यवाही की मांग

लखनऊ, (यूएनएस)। अमिताभ ठाकुर तथा डॉ नूतन ठाकुर ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से बलिया में सपा कार्यकर्ताओं द्वारा खुलेआम गालीगलौज करने के संबंध में कार्यवाही की मांग की है। अखिलेश यादव को भेजे अपने पत्र में उन्होंने कहा कि उन्हें प्राप्त 0.30 मिनट के विडियो में सपा के कार्यकर्त्ता प्रदेश सरकार में मंत्री उपेन्द्र तिवारी को खुलेआम भद्दी–भद्दी गलियां दे रहे हैं. यह विडियो जिला पंचायत अध्यक्ष चुनाव के नतीजे के बाद का है. ऐसा करने वालों का कहना है कि यह कार्य उपेन्द्र तिवारी के कतिपय कार्य, व्यवहार तथा आचरण की प्रतिक्रियास्वरूप किया गया. इसके विपरीत ऐसा कार्य एवं ऐसी प्रतिक्रिया किसी भी सभ्य एवं अनुशासित समाज में किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। अमिताभ तथा नूतन ने अखिलेश यादव से कहा कि चूँकि वे निरंतर एक बेहतर शासन–प्रशासन देने के लिए राजनीति करने तथा एक श्रेष्ठ राजनैतिक विकल्प होने की बात कहते हैं, अतः वे इस प्रकार के स्पष्टतया अराजक, अनुशासनहीन, अमर्यादित तथा विधिविरुद्ध आचरण करने वाले लोगों को समाजवादी पार्टी से बाहर निकालते हुए अपनी पार्टी तथा आम जन के बीच सही सन्देश दें।

## रायबरेली में विभिन्न अफसरों को घूस देने के विवरण की शिकायत

लखनऊ, (यूएनएस)। अमिताभ ठाकुर तथा डॉ नूतन ठाकुर ने रायबरेली के एक ट्राफिक दरोगा की कथित डायरी में विभिन्न अफसरों को घूस देने के विवरण की शिकायत की है। डीजीपी यूपी सहित अन्य अफसरों को भेजे पत्र में उन्होंने कहा कि उन्हें विश्वस्त सूत्रों से एक हस्तलिखित पृष्ठ प्राप्त हुआ है, जिसमे कतिपय पदाधिकारियों के पद तथा उनके सामने कुछ धनराशि अंकित है. कुछ के सामने पेड अर्थात दिया गया अंकित है. यह धनराशि एसपी को 50,000, एएसपी को 15,000, सीओ को 10,000, सीओ पेशी को 1000, सीओ गनर को 500, एसपी गनर को 2000, एएसपी गनर को 500, स्टेनो को 1000 तथा निदेशालय को 500 लिखा है। अमिताभ तथा नूतन ने कहा कि उन्हें दी गयी एसपी जानकारी के अनुसार यह रायबरेली के एक ट्रेफिक दरोगा की कथित डायरी के अंश हैं जिसमे उसके द्वारा विभिन्न अफसरों को दिए गए धनराशि का उल्लेख है। उन्होंने इसे प्रथमद्रष्टया गंभीर मामला बताते हुए इसका संज्ञान लेते हुए अविलंब उच्चस्तरीय जाँच कराते हुए नियमानुसार कार्यवाही किये जाने की मांग की।

## मोदी को नसीहत देते हुए निषाद ने मांगा आरक्षण

लखनऊ, (यूएनएस)। 11 जुलाई से शुरू होने वाली सर्वदलीय निषाद कश्यप यूनियन की आरक्षण अधिकार पदयात्रा के संयोजक कुँवर सिंह निषाद ने भाजपा के ब्राण्ड अम्बेसडर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पिछड़ा होने पर कटाक्ष किया है। अपने फेसबुक वाल पर अपलोड किये गए वीडियो में कुँवर सिंह निषाद ने प्रधानमंत्री मोदी पर हमला करते हुए कहा है कि आप जब अपने प्रभाव का इस्तेमाल कर अपनी जाति को पिछड़ा वर्ग में घोषित करा सकते हैं।

# बहुत जल्द देश के शीर्षतम तीन शहरों में जाना जाएगा लखनऊ: राजनाथ सिंह



लखनऊ,(एजेंसी)। देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने संसदीय क्षेत्र लखनऊ दौरे के दूसरे दिन रविवार को रिंग रोड एवं ओवरब्रिज पर चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया और दावा किया कि अत्यंत शीघ्र लखनऊ साधारण शहर ना होकर देश के शीर्षतम तीन शहरों में जाना जाएगा। रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) लखनऊ महानगर की ओर से जारी बयान के अनुसार रक्षा मंत्री ने कहा, अत्यंत शीघ्र लखनऊ साधारण शहर ना होकर देश के शीर्षतम तीन शहरों में जाना जाएगा और अति शीघ्र विकास कार्य की बहुत योजनाएं शुरू की जाएगी, परंतु चल रहे विकास कार्य के पूरा होने के उपरांत ही नई योजनाओं के बारे में चर्चा करूंगा। यहां बड़े इमामबाड़े, चौक के निकट चल रहे दो लेन ओवरब्रिज का निरीक्षण करने के उपरांत रक्षा मंत्री ने कहा कि बहुत शीघ्र 105 किलोमीटर लंबी रिंग रोड का कार्य पूर्ण हो जाएगा जिसके उपरांत दूसरे शहर से लखनऊ आने वालों को शहर के अंदरूनी सड़कों से होकर गुजरने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। उन्होंने कहा कि रिंग रोड से होकर सीधे अपने गंतव्य स्थान के निकट पहुंचने में मदद होगी और शहर के जाम से मुक्ति मिलेगी। उनके अनुसार लखनऊ में नौ ओवर ब्रिज बनाने का निर्णय लिया गया था जिसमें से पांच बनकर तैयार हो चुके हैं और चार का कार्य भी प्रगति पर है। सिंह ने दावा किया कि जो थोड़ा बहुत कार्य बचा है वह शीघ्र ही पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा ,'' लखनऊ में चल रहे विकास कार्य बाधित ना हो जिसके लिए मैं निरंतर अधिकारियों के साथ चल रहे प्रगति कार्य की समीक्षा करता रहता हूं।

# राफेल खरीद से जुड़े विवाद का संतोषजनक निपटारा हो : मायावती



लखनऊ, (यूएनएस)। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष मायावती ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार से राफेल लड़ाकू विमान की खरीद में कथित भ्रष्टाचार के आरोपों पर फ्रांस में शुरू हुई जांच से उठे विवाद का संतोषजनक निपटारा करने का आग्रह किया है। मायावती ने सोमवार को किए गए सिलसिलेवार ट्वीट में कहा, भारत सरकार की राफेल लड़ाकू विमान खरीद में कथित भ्रष्टाचार के आरोपों पर फ्रांस की सरकार द्वारा बैठाई गई न्यायिक जांच की खबर देश–दुनिया में सुर्खियों में आने से यह मामला फिर से जनचर्चाओं में आ गया है। केन्द्र की सरकार भी इसका उचित संज्ञान ले तो बेहतर होगा। उन्होंने कहा, वैसे तो रक्षा सौदों में कमीशन का आरोप–प्रत्यारोप व इसकी जांच आदि होना कोई नया नहीं है, बल्कि कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार के समय से ही इसका पुराना ज्वलन्त अध्याय रहा है। अगर केन्द्र की वर्तमान सरकार राफेल विवाद का जनसंतोष के मुताबिक निपटारा करके इस मुद्दे को विराम दे तो उचित होगा। गौरतलब है कि फ्रांस की एक वेबसाइट के दावे के मुताबिक भारत के साथ 59,000 करोड़ रुपये के राफेल विमानों के सौदे को लेकर फ्रांस में न्यायिक जांच शुरू हो गई है। फ्रांसीसी सरकार ने एक न्यायाधीश को राफेल सौदे की जांच का जिम्मा सौंपा है, जो सौदे में भ्रष्टाचार और पक्षपात के आरोपों की जांच करेंगे।

# लवजेहाद और धर्मान्तरण से बचने के लिये जागरूक होना जरूरी

### *अखिल भारत हिन्दू महासभा छात्र प्रकोष्ठ की बैठक आयोजित*

लखनऊ, (यूएनएस)। अखिल भारत हिन्दू महासभा की छात्र इकाई की हुयी बैठक में देश में हो रहे धर्मान्तरण और बढ़ते लवजेहाद के मामलों को लेकर चर्चा की गयी। इस चर्चा में हिस्सा लेते हिन्दू महासभा के वरिष्ठ नेताओं ने एक सुर में कहा कि लवजेहाद और धर्मान्तरण से सिर्फ जागरूकता से ही बचा जा सकता है। जागरूकता ही एक ऐसा हथियार है जो लवजेहाद और धर्मान्तरण करने वालों के इरादों पर पानी फेर सकता है। यहां कुर्सी रोड स्थित अखिल भारत हिन्दू महासभा, उत्तर प्रदेश के कैम्प कार्यालय में हुयी बैठक में पार्टी के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय प्रवक्ता शिशिर चतुर्वेदी, प्रदेश अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष पंकज तिवारी, सिद्धार्थ दुबे चिकित्सा प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष गौरव शुक्ला सहित सैकड़ों की संख्या में छात्र प्रकोश्ठ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे। इस मौके पर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय प्रवक्ता शिशिर चतुर्वेदी ने सीधे शब्दों में कहा कि अन्तरधर्म विवाह में कोई बुराई नहीं है, किन्तु मुस्लिम समुदाय के लोग ज्यादातर छद्म नाम से हिन्दु समुदाय की लड़कियों को फंसाकर लवजिहाद का शिकार बना लेते है, और जब तक लड़कियों को समझ में आता है कि उनका जीवन अंधकारमय हो चुका है, तो ऐसे में मजबूर होकर नारकीय जीवन जीने के लिये तैयार हो जाती है, क्योंकि हिन्दू समाज इन्हें दोबारा स्वीकार नहीं करता, इसलिये ऐसी स्थितियों को सामना लड़कियों को न करने पड़े इसलिये जीवनसाथी बनाने के उद्देश्य से पहले सामने वाले की अच्छी तरह समझ लें, और इसके लिये उन्हें जागरूक होना पड़ेगा।

## 'पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प'

अमिट रेखा – अरविंद कुमार तर्कशील

जंगल नौगांवा – कुशीनगर। पौधरोपण अभियान के तहत दुदही विकास खंड के ग्राम पंचायत जंगल नौगांवा के गांव में व प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण में वृक्षारोपण किया गया वही प्रधान प्रतिनिधि खोभारी कुशवाहा ने कहा कि हम लोग वृक्ष लगाकर



पर्यावरण को स्वच्छ,सुंदर और शुद्ध रखने का काम किया है उत्तर प्रदेश सरकार के नियमानुसार आज हम सभी लोगो सहित महिलाए भी वृक्ष आम नीम ,पीपल, बरगद, अमरुद, जामुन, सागौन, कटहल,का पेड़ लगाकर आज पर्यावरण को बचाने का संकेत कर रही है ।पर्यावरण जब शुद्ध रहेगा तो हम अनेक बीमारियों से बच सकते हैं। इस तरह वार्ड सदस्य जयप्रकाश ओझा ने कहा कि हम लोग आज वृक्ष लगाए है। पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए तथा लोगो के पास अच्छी संदेश जाए। जिससे और लोग भी वृक्ष लगाने का भी काम करे ।इस मौके पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि खोभारी कुशवाहा ,वार्ड सदस्य जयप्रकाश ओझा, रक्षा निषाद , युसु अंसारी ,शैलेश भारती,किशोरी देवी सहित अन्य महिलाए भी उपस्थित रही।

## ''पूर्व प्रधान के देखरेख मे ग्राम सभा मे हुँआ पौधा रोपण'

अमिट रेखा – अब्दुल आजम

गौरी श्रीराम – कुशीनगर। कुशीनगर जनपद मे पौधरोपण अभियान के तहत दुदही विकास खंड के ग्राम पंचायत बत्रौली धुरखड़्वा के गांव में व प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण में वृक्षारोपण किया गया वही प्रधान प्रतिनिधि व्यास प्रसाद और पूर्व प्रधान आबिद अली ने कहा कि हम लोग वृक्ष लगाकर पर्यावरण को स्वच्छ,सुंदर और शुद्ध रखने का काम करें। उत्तर प्रदेश सरकार के नियमानुसार आज हम सभी लोगो सहित महिलाए भी वृक्ष लगाए जिसमें आम, लीची, नीम जामुन,पीपल, बरगद, अमरुद,महोगनी, शीशम, सेमरी,चीकू, पपीता, सागौन, कटहल,आदि का पेड़ लगाकर आज पर्यावरण को बचाने का संकल्प कर रहे है ।पर्यावरण जब शुद्ध रहेगा तभी हम अनेक बीमारियों से बच सकते हैं। इस तरह वार्ड सदस्यों ने कहा कि हम लोग आज वृक्ष लगाए है। पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए तथा लोगो के पास अच्छी संदेश जाए। जिससे और लोग भी वृक्ष लगाने का भी काम करगे। इस मौके पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि व्यास प्रसाद ,वार्ड सदस्य सुलेमान अंसारी, तथा ग्रामीणों, मे आरिफ अंसारी सुभान अंसारी ,जमाल अंसारी नबिरसुल अंसारी और पूर्व प्रधान आबिद अली के द्वारा वृक्ष रोपण का कार्य किया गया। वृक्षारोपण मे महिलाएं भी बढ चढ़ कर हिस्सा ली और वृक्षारोपण का कार्य किए।

## खजनी के गांव झुडिया में संतकबीर नगर के पूर्व सांसद स्वर्गीय शरद त्रिपाठी के घर श्रधांजलि अर्पित किए सीएम योगी

अमिट रेखा शक्ति ओम सिंह

खजनी गोरखपुर। खजनी क्षेत्र के गाँव झुडिया में उत्तर प्रदेश मुख्य मंत्री योगी आदित्य नाथ का दो बजे आगमन हुआ । मुख्य मंत्री पूर्व सांसद स्वर्गीय शरद त्रिपाठी पैतृक आवास पहुँच कर श्रधांजलि अर्पित किए । सीएम झुडिया में देवरिया सांसद रमापति राम त्रिपाठी से लगभग 40 मिनट उपस्थित होकर वार्तालाब किए । स्वर्गीय शरद त्रिपाठी के पिता देवरिया सांसद रमापति राम त्रिपाठी को दुख की घड़ी में ढाढस दिए । रमापति राम त्रिपाठी भारतीय जनता पार्टी के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष रहे चुके है। स्वर्गीय शरद त्रिपाठी पहली बार मे पिछली पंच वर्षीय में संतकबीर नगर सांसद चुने गए थे । उत्तर प्रदेश मुख्य मंत्री सुरक्षा ब्यवस्था में खजनी तहसील सहित दक्षिणांचल की पुलिस मुस्तैद रही । देवरिया सांसद रमापति राम त्रिपाठी के साथ बड़े पुत्र नृगेन्द्र राम त्रिपाठी, मृगेंद्र राम त्रिपाठी ,पौत्र शिखर राम त्रिपाठी, के बीच स्वाथ्य मंत्री जयप्रकाश ,श्रम मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य , केंद्रीय जल मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत कैबीनेट मंत्री महेंद्र सिंह सनतावना दिया उक्त अवसर पर खजनी प्रमुख उम्मीदवार प्रत्याशी अंशु सिंह, क्षेत्रीय सभ्रांत नागरिक शिवजी सिंह , भाजपा नेता विनोद पांडेय , शतीश उपाध्याय , हियुवा नेता अंसुमाली धर दुबे, गुलाब तिवारी , देवरिया जिला के भाजपा मंडल अध्यक्ष अभय नन्द तिवारी , सहित क्षेत्र के सौकड़ों नेता उपस्थित। रहें

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कोविड 19 टिकाकरण के संबंध में अधिकारियों के साथ बैठक

अमिट रेखा सुनील पांडेय

ब्यूरो महराजगंज। जिलाधिकारी डॉ. उज्ज्वल कुमार की अध्यक्षता में कोविड–19 के टेस्टिंग, टीकाकरण वेस्टेज के संदर्भ में स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक सम्पन्न। बैठक के दौरान डी. एम. ने वैक्सिनेशन पर संतुष्टि प्रकट करते हुए, इस बात को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि वैक्सिनेशन सेन्टर से किसी को वापस न लौटना पड़े। बैठक के दौरान दस्तक अभियान व जापानी इंसेफेलाइटिस के संदर्भ में डी. एम. ने सी.एम.ओ को निर्देशित किया कि अभियान का ऑडिट करने के साथ संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर नोडल अधिकारी की नियुक्ति की जाए ताकि अभियान को सफलतापूर्वक संपन्न किया जा सके। बैठक में सी.डी. ओ. गौरव सोगरवाल, ए.डी.एम. कुंज बिहारी अग्रवाल, एस.डी.एम सदर साई तेजा सीलम, सी.एम.ओ ए. के श्रीवास्तव, अपर एस.डी.एम अविनाश कुमार व सी.एम.एस ए. के. राय समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## वीरसिंहपुर गाँव में हुआ वृक्षारोपण,विधायक प्रतिनिधि रहे मौजूद

अमिटरेखा–परवेज आलम

भटनी देवरिया। कोरोना काल में ऑक्सीजन की कमी ने पूरे विश्व को पेड़ पौधों की अहमियत बताते हुये उनके संरक्षण का संदेश दिया है ।दिन रविवार को भटनी के ग्राम सभा वीरसिंहपुर में वृक्षारोपण हुआ ।वृक्षारोपण के दौरान विधायक प्रतिनिधि संजीव शुक्ला कहा कि इस समय पूरे विश्व में फैली कोरोना महामारी ने बता दिया कि जीवन के लिये पेड़ पौधे व पर्यावरण की रक्षा कितनी महत्वपूर्ण है ।जिलापंचायत सदस्य उपेन्द्र ने कहा अगर आज हम सभी अपनी आने वाली पीढ़ियों के लिये पर्यावरण की रक्षा करते हुये पेड़ पौधों को नही बचा सके तो आने वाले समय मे बहुत बुरे हालात होंगें ।खण्ड विकास अधिकारी नवीन कुमार सिंह ने कहा कि वृक्ष ऑक्सीजन की कमी को पूरा करते है।

## 'ग्रामीणों की सूझबूझ से गहरे कुँआ से निकाला गया छुट्टा गोवंश'

अमिटरेखा शिवशंकर तिवारी

'मिल्कीपुर अयोध्या। थाना खंडासा अंतर्गत ग्राम सभा विनायक



में कुएं में गिरा गोवंश खबर प्रसारित होने के बाद भी वन विभाग बेखबर, काफी मसक्कत के बाद गहरे कुँआ से निकाला गया गोवंश, कुँआ में गोवंश के साथ साथ जहरीला साँप भी था। लोगों में चर्चा थी कि जहरीला साँप करीब दस दिन पहले ही कुँआ में गिर गया था।सोमवार की रात्री करीब एक बजे ही गोवंश भी कुएं में जाकर गिर गया। कुएं में जहरीले साँप की वजह से कोई मदत करने को आगे नही आ रहा था। परंतु ग्रामवासियों के काफी मसक्कत में पहले जहरीले सांप को निकालने के बाद गोवंश को भी सफल तरीके से निकाल लिया गया।

## थानाध्यक्ष कोल्हुई दिलीप शुक्ला के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ पौधारोपण कार्यक्रम

अमित रेखा सुनील पांडेय

ब्यूरो महराजगंज। पुलिसकर्मियो व व्यापार मंडल ने संयुक्त रूप से पौधा लगाकर लिया संकल्प कोल्हुई जनपद अंतर्गत कोल्हुई थाना परिसर में रविवार को थानाध्यक्ष दिलीप कुमार शुक्ला के नेतृत्व में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित की गई जिसमें पुलिसकर्मियो के साथ साथ उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की टीम भी सहभागी बनी।उक्त दौरान थाना प्रभारी ने कहा आज पूरे विश्व मे जंगलो व पेड़ो की कटान से ऑक्सीजन की कमी हो गई जिससे कोरोना जैसी वैश्विक महामारी पैदा हो गई हैं और लोगो की मृत्यु हो रही है अगर समय रहते वृक्षो को बचा लिया जाए तो ऑक्सीजन की कमी कुछ हद तक दूर किया जा सकता हैं और लोग सुरक्षित रह सकते है वही थाना प्रभारी सभी को एक एक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किये जिससे भयावह महामारी से निपटा जा सके । गौरतलब हो उक्त मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष श्रीराम जायसवाल ने कहाँ की मानव जीवन मे वृक्ष का बहुत महत्व है वृक्ष ऑक्सीजन, फल, ईंधन के साथ पर्यावरण को स्वच्क्ष बनाए रखने में काफी भूमिका निभाता है अधिक से अधिक वृक्ष लगाना चाहिए ताकि मानव जीवन पर खतरा न मंडरा सके वही कोल्हुई पुलिस के उक्त कार्यक्रम की पहल के लिए उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल टीम ने थाना प्रभारी व उनकी पुलिस टीम को जमकर सराहा। इस मौके पर उपनिरीक्षक लवकुश सिंह, उपनिरीक्षक जयप्रकाश , उपनिरीक्षक संदीप यादव,उपनिरीक्षक संतोष यादव,कांस्टेबल सुनील तिवारी, विशाल सिंह समेत उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल कोल्हुई टीम के महामंत्री कृष्णा शंकर उपाध्याय, युवा अध्यक्ष देव अग्रहरि, उपाध्यक्ष अभिषेक रौनियार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष ब्रिजलेश गुप्ता, गोलू राय, मनीष वर्मा,महेश अग्रहरि, इमरान खान,मोहन प्रजापति, रवि गोंड, असलम खान, पवन अग्रहरि, बैजनाथ वर्मा, विनोद वर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।



## फेसबुक पर हथियार के साथ फोटो डालने के मामले में पुलिस ने चार आरोपी को किया गिरफ्तार

अमिट रेखा – संतोष पाठक

कुचायकोट – गोपालगंज। जनपद के उचकागांव थाना क्षेत्र के पेनुला खास गांव में थानाध्यक्ष अब्दुल मजीद के नेतृत्व में छापेमारी कर पुलिस द्वारा फेसबुक पर अवैध हथियार के साथ



फोटो शेयर कर दहशत फैलाने के मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस द्वारा मामले में गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान थाना क्षेत्र के पेनुला खास गांव के राजा कुमार, सूरज कुमार, लड्डू राम और हरियाणा के पानीपत जिला के पका फाटक थाना क्षेत्र के कावडी गांव के मनोज राम के रूप में किया गया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष अब्दुल मजीद ने बताया कि पेनुला खास गांव के राजा कुमार द्वारा अपने फेसबुक पर एक राइफल, देसी कट्टा और कारतूस के साथ फोटो से वीडियो बनाकर स्टेटस शेयर किया गया था। जिसकी सूचना कुछ स्थानीय लोगों द्वारा पुलिस को दी गई थी। जिसके बाद वरीय पदाधिकारियों के आदेश के आलोक में टेक्नीकल सेल के सहयोग से आरोपियों की पहचान करने के बाद सभी आरोपियों की गिरफ्तारी की गई है। मामले में गिरफ्तार पानीपत जिला निवासी मनोज राम पेनुला खास गांव स्थित अपने ससुराल में ही रह रहा था। पुलिस द्वारा गिरफ्तार आरोपियों के पास से एक देसी कट्टा, 4 जिंदा कारतूस व 4 मोबाइल बरामद किया गया है। पुलिस द्वारा सभी आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## 'नेहरू युवा केन्द्र देवरिया के तत्वावधान में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन युवा क्लब मनिहारी में किया गया'

अमित रेखा मेहरौना लार। सलेमपुर पूर्व जिलाउपाध्यक्ष भाजपा अजय उपाध्याय ने कहा कि वृक्षारोपण जीवन के लिए




बहुत जरूरी है। आक्सीजन देने वाले पौधों की महत्ता को दरकिनार नही किया जा सकता। हमे मुफ्त में आक्सीजन पेड़–पौधे ही देते है । पर्यावरण संतुलन से ही मानव सुरक्षित व खुशहाल रहेगा। प्रशिक्षक अजय दुबे वत्स ने कहा कि नेहरू युवा केन्द्र देवरिया द्वारा वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम प्रत्येक युवा मंडलो पर आयोजित किया जा रहा है। अत्यधिक मात्रा में वृक्षारोपण से बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण को रोका जा सकेगा। उक्त अवसर पर राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक अनूप उपाध्याय,अतुल मिश्र बांके बाबा ,राकेश दुबे,आनंद प्रकाश उपाध्याय,मुलुक यादव, अंकुर मुनीलाल,मनोज आदि उपस्थित रहे।

## थाना सोनौली पुलिस द्वारा प्रतिबंधित नशीली दवाओं (मादक पदार्थ) के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

अमित रेखा सुनील पांडेय

ब्यूरो महराजगंज। अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण बनाये रखने व जनपद मे मादक पदार्थों की तस्करी व परिवहन के विरुद्ध पुलिस अधीक्षक महराजगंज प्रदीप गुप्ता के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सोनौली पुलिस द्वारा संदिग्ध व्यक्तिध्वाहनों की चेकिंग के दौरान जरिये मुखबीर खास प्राप्त सूचना के आधार पर एक नफर अभियुक्त सुरेश कुमार गौड़ पुत्र स्व0 मंगरू प्रसाद गौड़ नि0 वार्ड नंबर 10 जानकी नगर, थाना सोनौली, जनपद महराजगंज को प्रतिबंधित नशीली दवा ओनेरेक्स सिरप (47 अदद) के साथ रोडवेज परिसर सोनौली से गिरफ्तार किया गया । जिसके संबंध मे थाना सोनौली पर मु0अ0सं0–107ध्2021, धारा 8ध्21 एनडीपीएस एक्ट के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए चालान न्यायालय किया गया ।विवरण अभियुक्त– सुरेश कुमार गौड़ पुत्र स्व0 मंगरू प्रसाद गौड़ नि0 वार्ड नंबर 10 जानकी नगर, थाना सोनौली, जनपद महराजगंज बरामदगी–ओनेरेक्स सिरप (47 अदद)गिरफ्तार करने वाली टीम– उ0नि0 स्वतंत्र कुमार सिंह चौकी प्रभारी सोनौली जनपद महराजगंज। हे0का0 मंजीत यादव थाना सोनौली जनपद महराजगंज। का0 ओमकार पासवान थाना सोनौली जनपद महराजगंज का0 अमित यादव थाना सोनौली जनपद महराजगंज

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में एनडीआरएफ एवं संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक

अमित रेखा सुनील पांडेय

ब्यूरो महराजगंज। जिलाधिकारी डॉ. उज्ज्वल कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आपदा प्रबंधन हेतु दिनांकरू 6 जुलाई 2021 को दीन दयाल उपाध्याय इंटर कॉलेज में आयोजित मॉक ड्रिल के संदर्भ में एनडीआरएफ टीम एवं अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि आपदा के होना हमारे हाथ मे नहीं, किंतु



आपदा के बाद की त्वरित प्रतिक्रिया हमारे हाथ में है इसलिए मॉक ड्रिल को सभी अधिकारी गंभीरता से लें। जिलाधिकारी द्वारा सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि आपदा संबंधी सभी तैयारियों को समय से पूरा कर लिया जाये। जिलाधिकारी ने कोविड को दृष्टिगत रखते हुए आपदा प्रबंधन पर विशेष जोर दिया। बैठक में एनडिआरयेफ छक्त्थ टीम द्वारा कल के मॉक ड्रिल के संदर्भ में पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया गया। बैठक में डिप्टी कमाण्डेन्ट( एनडीआरएफ) पी.एल शर्मा , ए. डी.एम कुंज बिहारी अग्रवाल, समस्त एस.डी.एमध्तहसीलदारध्ई.ओ., समस्त सी.ओ (पुलिस) एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## विद्युत समस्या से ग्रसित उपभोक्ता को मिलेगी राहत

अमिटरेखा – कृष्णा यादव तहसील प्रभारी

तमकुही राज – कुशीनगर

प्राप्त समाचार अनुसार विद्युत उपकेंद्र तमकुही राज पर लचर व्यवस्था विद्यमान है, विद्युत समस्या के लिए तमकुहीराज के आम नागरिकों बुद्धिजीवियों द्वारा समय–समय पर रा राजनीतिक पार्टियों द्वारा विरोध प्रदर्शन जारी रहा, जिसके बाद विद्युत विभाग की नींद खुली तथा जर्जर तारों को नगर के बाजार में बदलने का कार्य शुरू किया गया। बरसों पहले नगर पंचायत क्षेत्र तमकुही राज में विद्युत पोलों पर विद्युत तार लगाए गए थे ,जो वर्तमान समय में जर्जर हो गए हैं जिसके कारण जगह जगह फाल्ट की समस्या ट्रांसफार्मर जलने की समस्या, सड़क पर टूटकर तार गिरने की समस्या, लो वोल्टेज की समस्या, पैदा होती रही है यहां के नागरिक परेशान होते रहे नगर पंचायत अधिकारी के अथक प्रयास से यहां की जनता के भारी विरोध से विद्युत विभाग जर्जर तारों को बदलने का कार्य शुरू किया है निकट भविष्य में तमकुही राज में वर्तमान विद्युत समस्या से निजात मिलने की उम्मीद जगी है। विद्युत विभाग के अधिकारी कर्मचारी कितना काम करने में सक्षम है यह तो समय बतायेगा, पूरे नगर पंचायत में गांव और शहरों में विद्युत पोलों पर जर्जर तारों से विद्युत प्रवाहित हो रही है जिस से खतरा बना हुआ है।



## विधानसभा क्षेत्र रूदौली के सुजागंज में 6 जुलाई को डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या का अगामन।'

अमिटरेखा शिव शंकर तिवारी



'रूदौली अयोध्या'। विधायक रामचंद्र यादव ने एसडीएम के साथ किया कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण, बहुप्रतीक्षित शहीद कारसेवक रामअचल गुप्ता की प्रतिमा के अनावरण का समय अब नजदीक आ गया, 6 जुलाई दिन मंगलवार को सूबे के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या स्वर्गीय रामअचल गुप्ता की प्रतिमा के अनावरण करेंगें। इस अनावरण समारोह की तैयारी जोर शोर से हो रही है इसी तैयारी का जायजा लेने रविवार को क्षेत्रीय विधायक रामचंद्र यादव कार्यक्रम स्थलग्राम शुजागंज स्थित पक्के तालाब पर पहुंचे इस दौरान उनके साथ उपजिलाधिकारी रुदौली विपिन कुमार सिंह, पूर्व क्षेत्रीय मंत्री अवध भाजपा अजीत सिंह भी मौजूद रहे। बता दें कि 1992 में रामजन्मभूमि अयोध्या में स्थित विवादित ढांचे को ध्वस्त करने के दौरान शुजागंज निवासी राम अचल गुप्ता ने अपना सर्वोच्च बलिदान दे दिया था ।

## तमकुही राज विद्युत उप केंद्र द्वारा बरसों बाद जर्जर तारों को बदलने का कार्य शुरू

अमिटरेखा – कृष्णा यादव तहसील प्रभारी

तमकुही राज – कुशीनगर। प्राप्त समाचार अनुसार विद्युत उपकेंद्र तमकुही राज पर लचर व्यवस्था विद्यमान है, विद्युत समस्या के लिए तमकुहीराज के आम नागरिकों बुद्धिजीवियों द्वारा समय–समय पर रा राजनीतिक पार्टियों द्वारा विरोध प्रदर्शन जारी रहा, जिसके बाद विद्युत विभाग की नींद खुली तथा जर्जर तारों को नगर के बाजार में बदलने का कार्य शुरू किया गया। बरसों पहले नगर पंचायत क्षेत्र तमकुही राज में विद्युत पोलों पर विद्युत तार लगाए गए थे ,जो वर्तमान समय में जर्जर हो गए हैं जिसके कारण जगह जगह फाल्ट की समस्या ट्रांसफार्मर जलने की समस्या, सड़क पर टूटकर तार गिरने की समस्या, लो वोल्टेज की समस्या, पैदा होती रही है यहां के नागरिक परेशान होते रहे नगर पंचायत अधिकारी के अथक प्रयास से यहां की जनता के भारी विरोध से विद्युत विभाग जर्जर तारों को बदलने का कार्य शुरू किया है निकट भविष्य में तमकुही राज में वर्तमान विद्युत समस्या से निजात मिलने की उम्मीद जगी है। विद्युत विभाग के अधिकारी कर्मचारी कितना काम करने में सक्षम है यह तो समय बतायेगा, पूरे नगर पंचायत में गांव और शहरों में विद्युत पोलों पर जर्जर तारों से विद्युत प्रवाहित हो रही है जिस से खतरा बना हुआ है।

## मंडल अध्यक्ष महेश,उपाध्यक्ष नित्यानंद व प्रधान विनोद व मारकंडे ने किया हजारों वृक्षारोपण

अमित रेखा – रजवन्त बिश्वकर्मा

खडा – कुशीनगर। कल की चुनौतियां वर्तमान जैसी नहीं थी और न ही मौसम के मिजाज के कड़वे अनुभव मिलते थे,तेजी से कटते पेड़–पौधे व घटते वन संपदा ने जीवन की चुनौतियों को काफी बढ़ा दिया है,जिसको देखते हुए विशुनपुरा ब्लाक क्षेत्र के कई ग्राम पंचायतों में ग्राम प्रधान व समाजसेवियों द्वारा हजारो पौधों को लगवाने का कार्य शुरू कर दिया है।

भाजपा पिपरा मंडल अध्यक्ष महेश रौनियार,मंडल उपाध्यक्ष नित्यानंद पांडेय,मंडल उपाध्यक्ष व मंडल मंत्री ध्रमेन्द्र चौबे आदि ने पिपरा मंडल के बलकुडिया, नरचोचवा, बडहरा,दांदोपुर,पिपरा आदि गांवों दो हजार से अधिक आम,लीची,पीपल,बरगद,नीम,सागौन आदि पौधारोपण कराया हैं,मंडल अध्यक्ष महेश रौनियार ने कहा कि प्रकृति का असंतुलन तथा कई तरह के घातक बीमारियों के प्रभाव में वृद्धि इसका प्रमुख कारण है। परेशान हालात से निजात व अपने लाडलों के चेहरे पर मुस्कान बिखेरने का एकमात्र उपाय यही है कि अधिक से अधिक पेड़ लगें।

## चोर साफ कर गए हाथ

अमिटरेखा मिल्कीपुर अयोध्या। थाना कुमारगंज के अन्तर्गत आदर्श ग्राम सभा तिन्दौली (पूरे बीसा तिवारी का पुरवा) में चोरो ने लाखो की लूट को अन्जाम दिया है, पूरे बीसा तिवारी का पुरवा तिन्दौली मे अनीता तिवारी पत्नी विनोद तिवारी व अपने बेटे रोहित तिवारी के घर के आगे



लगे लोहिया दरवाजे के बन्द ताले को तोड़ कर घर के सभी सामान, लैपटॉप, करीब 12,15, हजार नकदी व ज्वैलरी, व कुछ कपड़े चोरो ने गुल कर दिया परिवार के सभी सदस्य गर्मी उमस के कारण ऊपर छत पर लेटे थे नीचे ताला लगा था करीब 12 बजे रात को चोरो ने इस घटना को अंजाम दिया। सुबह होने पर घर वालो को पता चला तो रोने लगे, आवाज सुनकर ग्रामीण इकट्ठा हो गये 112 नम्बर पुलिस को सूचना दी गई मौके पर 112 नम्बर ने पहुंच कर जायजा लिया जल्द ही चोरों के बारे में पता लगाने का प्रयास करने का अस्वाशन दिया गया । इस बीच दरवाजे पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सुरेश सिंह व भाजपा वरिष्ठ नेता कुंवर बहादुर मिश्र, दिनेश तिवारी, सूरज तिवारी, अमित तिवारी, रमेश तिवारी, दुर्गेश मिश्रा, गोलू शुक्ला, सत्यम तिवारी, लोगों ने पहुंचकर रोहित तिवारी को समझा एवं हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया ।

## किशोरी के दादा ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की कि मांग, पुलिस छानबीन में जुटी

अमित रेखा – रजवन्त कुमार बिश्वकर्मा

खडा – कुशीनगर । जनपद के खड्डा थानाक्षेत्र के एक गांव में धान का पौध लेकर खेत जा रही एक किशोरी से कुछ मनबढ़ों द्वारा अश्लील हरकत करने का मामला प्रकाश में आया है। किशोरी के दादा ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस छानबीन में जुटी हुई है। उक्त गांव निवासी एक व्यक्ति ने थाने में तहरीर देकर बताया है कि शनिवार को उसकी पोती अपने टोले से दुसरे टोले पर स्थित खेत में साइकिल से धान का पौध लेकर जा रही थी। इसी बीच कुछ मनबढ़ रास्ते में उसका हाथ पकड़ अश्लील हरकत करने लगे। आरोप है कि मौके पर पहुंची किशोरी के घर की एक महिला को देख मनबढ़ धमकी देकर फरार हो गये। किशोरी के दादा ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। पुलिस छानबीन में जुटी हुई है। प्रभारी निरीक्षक आरके यादव ने बताया कि तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जा रही है। आखिर इस इस सरकार में इतनी कडी बेवस्था के बाउजूद भी मनबढ़ अपने आदत से बाज नही आते यहां सबसे बडी सवाल यह उठता है कि अब कैसी रहेंगी बेटियां सुरक्षित।

## एसडीएम व एसएसबी की टीम नें बरामद किया 225 बोरी प्रतिबंधित मटर

अमित रेखा सुनील पांडेय

ब्यूरो महराजगंज। भारत नेपाल सीमा के पास एसडीएम व एसएसबी की संयुक्त टीम नें दो जगहों पर छापामारी कर 225 बोरी कनाडियन मटर बरामद किया। टीम ने रात में झुलनीपुर नहर पर पिकप सहित 100 बोरी सुबह निचलौल थानाक्षेत्र के छितौना टोला गढ़ाइला से 125 बोरी कनाडियन मटर बरामद किया। एसडीएम की लगातार कार्यवाही से तस्करों में हडकम्प मचा है। भारत नेपाल सीमा से सटे बार्डर क्षेत्रों में लगातार तस्करी जोरो पर चल रही है । जिसमें ठूठीबारी, निचलौल, कोठिभार थाना क्षेत्रों में तस्कर काफी सक्रिय दिख रहे है । इतना ही नही तस्करो का हौसला इतना बुलंद है कि दिन दहाड़े तस्करी कर रहे है । वही निचलौल एसडीएम प्रमोद कुमार व एसएसबी की संयुक्त टीम द्वारा लगातार छापेमारी कर कनाडियन मटर सहित विभिन्न प्रकार की तस्करी के वस्तु बरामद किया जा रहा है । अभी हाल ही मे ही एसएसबी झुलनी पुर के साथ एसडीएम ने दो जगहों पर छापामारी कर पीकप पर लदा 225 बोरी मटर बरामद किया है । जिससे तस्करों में हड़कंप मचा हुआ है। एसडीएम ने पहले नौतनवा मे तस्करो को पस्त कर अब पिछले एक महिने से निचलौल तहसील का कमान सम्भाले है जिसमें उनके द्वारा भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर अवैध कार्यो पर नकेल कसते जा रहे है । बीते दिनों एसडीएम ने कहा था की यहां तस्कर काफी सक्रिय है और यहा मटर कि तस्करी सहित अन्य सभी अवैध वस्तुओं पर नकेल कसा जा रहा है ।उन्होने यह भी बताया नेपाल से जो मटर भारत लाया जाता है उसमे टैक्स चोरी किया जाता है लेकिन डर तो इस बात की है कही मटर के साथ कोई खतरनाक वस्तु ना लाया जा रहा हो जिससे हमारे देश को खतरा हो सके ।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक तथा सम्पादक अमरनाथ पाण्डेय द्वारा अमित प्रिन्टर्स कालेज रोड फाजिलनगर से मुद्रित ग्राम बरदहा पाण्डेय फाजिलनगर कुशीनगर से प्रकाशित।

सम्पादक
अमरनाथ पाण्डेय
मो. – 9532989009

उप सम्पादक – के.के. राय
सह. सम्पादक– चन्द्रशेखर यादव
प्रदेश प्रभारी– राजू प्रसाद श्रीवास्तव मो०– 9792617070
विज्ञापन व्यवस्थापक– नसरूल्लाह अंसारी
प्रबंधक– निखिल कुशवाहा
ईमेल : amitrekhaksn@gmail.com

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र कुशीनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।